# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी







आज सुबह 8 बजकर 5 मिनट पर प्रारंभ होगी कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि

## पहले दिन 4000 से ज्यादा मूर्तियां खारुन कुंड पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मंगलवार को अनंत चतुर्दशी के साथ छोटी-बड़ी गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला शुरू हो गया। कहीं दोपहिया तो किसी तिपहिया और कहीं चारपहिया वाहन में गणेश जी की प्रतिमा को उत्साह व उमंग के साथ श्रद्धालु विसर्जन के लिए महादेवघाट के विसर्जन कुंड ▶▶ शेष पेज 4 पर

### 5 लोकेशन में हाईपावर कैमरे

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने ट्रैफिक विभाग के सहयोग से लाखे नगर से महादेवघाट के विसर्जन कुंड स्थल तक 5 अलग-अलग लोकेशन में 5 हाईपावर सीसीटीवी कैमरे ▶▶ शेष पेज 4 पर

## पितृ पक्ष के पहले दिन ही चंद्रग्रहण, दृश्य नहीं इसलिए सूतक अमान्य, शिववास सहित बव, बालव व कौलव करण योग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पितृपक्ष की शुरुआत आज से हो जाएगी। कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि आज सुबह 8 बजकर 5 मिनट को प्रारंभ होगी। वैदिक पंचांग के अनुसार, इस तिथि का समापन 19 सितंबर को सुबह 4 बजकर 19 मिनट पर होगा। तत्पश्चात द्वितीया तिथि लग जाएगी। ज्योतिषियों की मानें तो पितृ पक्ष के प्रथम दिवस पर ▶▶ शेष पेज 4 पर

### गुरुवार तड़के 4 बजकर 19 मिनट तक रहेगा शिववास योग



### 4 घंटे 6 मिनट रहेगी चंद्रग्रहण की अवधि

चंद्रग्रहण आज सुबह 6 बजकर 11 मिनट से प्रारंभ से प्रारंभ होगा। चंद्रग्रहण 10 बजकर 17 मिनट तक रहेगा। इस तरह से चंद्रग्रहण की अवधि 4 घंटे 6 मिनट रहेगी। चूंकि यह चंद्रग्रहण भारत में दृश्य नहीं होगा, इसलिए यहां सूतक भी मान्य नहीं है। बगैर किसी बाधा ▶▶ शेष पेज 4 पर

### पूर्वाभाद्रपद और उत्तराभाद्रपद नक्षत्र का भी संयोग

अश्विन माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि पर बव, बालव और कौलव करण के योग बन रहे हैं। इन योग में पितरों का तर्पण कर सकते हैं। इसके साथ ही पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र और उत्तराभाद्रपद नक्षत्र का भी संयोग बन रहा है। इन शुभ योग में पितरों का तर्पण करने से साधक को अक्षय फल की प्राप्ति होगी। विजय मुहूर्त दोपहर 2 बजकर 17 मिनट से 3 बजकर ▶▶ शेष पेज 4 पर






## दिल्ली में नई पारी, भाजपा बोली- आप ने फिर जनता के साथ किया छलावा

# आप की 'आतिशी-पारी', केजरीवाल की कुर्सी संभालेंगी, सबसे कम उम्र की सीएम

*आप की वरिष्ठ नेता आतिशी दिल्ली की नई मुख्यमंत्री होंगी। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की मंत्री आतिशी को उनके स्थान पर अगला मुख्यमंत्री बनाने का प्रस्ताव रखा जिसे 'आप' विधायकों ने सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया। वित्त, शिक्षा और राजस्व सहित 14 विभागों का जिम्मा संभाल रहीं आतिशी (43) उन लोगों में शामिल थीं, जिन्होंने केजरीवाल के जेल में रहने के दौरान राज्य की बागडोर संभाली। केजरीवाल ने मंगलवार शाम एलजी से मिलकर अपना इस्तीफा सौंप दिया, वहीं आतिशी ने सरकार बनाने का दावा पेश किया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

जेल से बाहर आने के बाद केजरीवाल ने दो दिन के भीतर इस्तीफा देने का ऐलान किया था। अपने द्वारा की गई घोषणा के मुताबिक आज मंगलवार शाम केजरीवाल ने इस्तीफा दे दिया है। इसी के साथ मुख्यमंत्री पद का नया चेहरा भी सामने आ चुका है। कई नामों के बाद आतिशी को केजरीवाल का उत्तराधिकारी चुना गया है। विधायक दल की मीटिंग में आतिशी का नाम प्रस्तावित हुआ था, जिसे सर्वसम्मति से सभी विधायकों ने स्वीकार किया है। आज शाम अरविंद केजरीवाल ने उपराज्यपाल से मिलकर उन्हें अपना इस्तीफा सौंप दिया है। इसके बाद आम आदमी पार्टी अपने सभी विधायकों की मदद से एक बार फिर सरकार बनाने का दावा पेश करेगी।

■ आप की विधायक दल की बैठक में आतिशी को चुना गया नेता

राज्यपाल के जरिए राष्ट्रपति के सामने नई सरकार का दावा पेश किया जाएगा। राष्ट्रपति द्वारा मंजूरी मिलते ही आतिशी मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेकर कार्यभार संभाल लेंगी।

### केजरीवाल ने मुख्यमंत्री पद से दिया इस्तीफा, आतिशी ने पेश किया दावा

**भाजपा बोली**

### पॉवर सेंटर केजरीवाल

भाजपा ने पत्रकार वार्ता में आप पर जमकर हमला बोला। दिल्ली से भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि मुख्यमंत्री का चेहरा होगा आतिशी का, पर पूरा का पूरा पॉवर सेंटर अरविंद केजरीवाल बनेंगे। वहीं भाजपा सांसद कमलजीत सहरावत ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की जनता के साथ न्याय नहीं किया, आपने फिर से जनता के साथ छलावा किया है।



### हमारा मिशन केजरीवाल को फिर सीएम बनाना : आतिशी

अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे के बाद आप की ओर से प्रस्तावित सीएम आतिशी ने कहा कि केजरीवाल पर भाजपा ने फर्जी आरोप लगाए। केंद्र ने जांच एजेंसियों का गलत इस्तेमाल किया। केजरीवाल जैसा फैसला आज तक किसी ने नहीं लिया। हमारा मिशन केजरीवाल को फिर सीएम बनाना है।

### बैठक में मंत्री सहित 57 विधायक रहे मौजूद

केजरीवाल के आवास पर चली बैठक में 57 विधायक मौजूद रहे। आम आदमी पार्टी के एक विधायक सत्येंद्र जैन अभी जेल में है। दो विधायक पार्टी को छोड़कर भाजपा में शामिल हो चुके हैं।

### आतिशी 'कठपुतली' मुख्यमंत्रीः मालीवाल

आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने मंगलवार को दावा किया कि दिल्ली की नयी मुख्यमंत्री चुनी गईं आप नेता आतिशी एक 'कठपुतली' मुख्यमंत्री होंगी। आप नेता दिलीप पांडे ने कहा कि अगर स्वाति मालीवाल को थोड़ी भी शर्म है तो उन्हें उच्च सदन की सीट छोड़ देनी चाहिए। मंगलवार को विधायक दल की बैठक में आतिशी को सर्वसम्मति से मुख्यमंत्री पद के लिए चुना गया। मालीवाल ने कहा, आज दिल्ली के लिए बहुत दुखद दिन है। एक महिला दिल्ली की मुख्यमंत्री बनने जा रही हैं, जिनके परिवार ने आतंकवादी अफजल गुरु को फांसी की सजा से बचाने के लिए लड़ाई लड़ी थी।'

### दिल्ली की सबसे कम उम्र की सीएम

*दिल्ली को कांग्रेस की शीला दीक्षित और भाजपा की सुषमा स्वराज के बाद आप की आतिशी के रूप में तीसरी महिला मुख्यमंत्री मिलने वाली हैं। आतिशी (43) दिल्ली की सबसे कम उम्र की मुख्यमंत्री होंगी और पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी के बाद देश की दूसरी मौजूदा महिला मुख्यमंत्री होंगी। दीक्षित, दिल्ली की सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रही थीं, जिन्होंने 1998 से 2013 तक 15 वर्षों तक यह पद संभाला था। वहीं, स्वराज का कार्यकाल 1998 में 52 दिनों का रहा था।*

### तीसरी, चौथी के छात्र थे दोनों

## स्कूल से तालाब पहुंचे दो बच्चों की डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर के न्यू राजेंद्र नगर क्षेत्र में तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। दोनों बच्चे प्राइमरी स्कूल के छात्र थे। बताया गया कि दोनों बच्चे स्कूल की छुट्टी होने के बाद घर नहीं लौटकर नहाने के लिए तालाब चले गए थे। इसी दौरान दोनों की डूबने से मौत हो गई।



न्यू राजेंद्र नगर थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृत बच्चों में विजय दीप 8 वर्ष एवं तेजस राउत 10 वर्ष दोनों बीएसयूपी कालोनी अमलीडीह के रहने वाले थे। विजय कक्षा तीसरी और तेजस कक्षा चौथी का छात्र था। बताया गया कि दोनों बच्चे एक साथ स्कूल आना-जाना करते थे। मंगलवार को भी सुबह दोनों स्कूल गए थे, लेकिन छुट्टी होने के बाद दोनों सीधे घर नहीं जाकर तालाब में नहाने के लिए चले गए। दोपहर करीब 12 बजे तालाब के पास से गुजर रहे कुछ लोगों की नजर तालाब के बाहर बच्चों के स्कूल बैग व कपड़ों पर गई।

यह देखने के बाद जब उनकी नजर तालाब में गई, तो एक बच्चे का शव पानी में तैरता मिला। इसके बाद उन्होंने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी।

### कालोनी में छाया मातम

बच्चों की मौत के बाद उनके परिजनों का जहां रो-रो के बुरा हाल है, वहीं बीएसयूपी कालोनी में भी मातम पसरा हुआ है। गौरतलब है कि राजधानी में इससे पूर्व भी इस तरह की कई घटना हो चुकी है, जिसमें नहाने के दौरान बच्चों की मौत हुई है। ऐसी घटनाओं में ज्यादातर बच्चे परिजनों को जानकारी दिए या पूछे बिना ही तालाब या नदी में नहाने के लिए चले जाते हैं और हादसे का शिकार हो जाते हैं।

## खबर संक्षेप

### कश्मीर में पहले चरण के लिए आज मतदान

**नई दिल्ली।** देश भर से 35,000 से ज्यादा विस्थापित कश्मीरी पंडित बुधवार को जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले चरण में वोटिंग करेंगे। सात जिलों के 24 विधानसभा क्षेत्रों में 219 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करने के लिए मतदान होना है। विस्थापित कश्मीरी पंडित दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग, पुलवामा, शोपियां और कुलगाम जिलों के 16 निर्वाचन क्षेत्रों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।



### पीएम की रैली से पहले श्रीनगर में कड़ी सुरक्षा

**श्रीनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बुधवार को होने वाली चुनावी रैली से पहले यहां शेर-ए-कश्मीर पार्क के आसपास के इलाके में बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। मोदी केंद्र शासित प्रदेश के विधानसभा चुनाव में भाजपा के उम्मीदवारों के समर्थन में 18 सितंबर को रैली करेंगे। यह चुनाव से पहले उनकी पहली रैली होगी।



### मणिपुर में पुनः खुले स्कूल, कॉलेज

**इंफाल।** मणिपुर सरकार ने कहा कि कानून एवं व्यवस्था की मौजूदा स्थिति के कारण बंद रहे स्कूल और कॉलेज मंगलवार को फिर से खुले और कक्षाएं सामान्य रूप से बहाल हुई। सात सितंबर को स्कूल और कॉलेज बंद कर दिए गए थे। जातीय संघर्ष से जूझ रहे राज्य में शांति बहाल करने की मांग को लेकर छात्रों के सड़कों पर उतरने के कारण शैक्षणिक संस्थान बंद थे।



### मरीजों से एक रुपया अधिक लिया तो गई नौकरी

**महाराजगंज।** यूपी के महाराजगंज जिले में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों से एक रुपये की निर्धारित फीस के बजाय दो रुपए वसूलने पर एक संविदा कर्मचारी की सेवा समाप्त कर दी गयी। एसीएमओ राजेंद्र प्रसाद ने बताया, अधिक शुल्क लेने में शामिल संविदा कर्मचारी संजय की सेवा समाप्त कर दी गई है। इसके पहले जिले के सिसवा से भाजपा विधायक प्रेम सागर पटेल का एक वीडियो सामने आया।



## अब हो रही है उस वड्डे की तलाश, जिसने पूरे गांव को बना दिया आरोपी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा/कोंटा

सुकमा जिले के कोन्टा ब्लाक का ग्राम इतकल अभी भी दहशत से उबर नहीं पा रहा है। 15 सितंबर को जिस ग्राम में मौसम परिवार के 5 सदस्यों की निर्ममता से हत्या कर दी गई थी, उस गांव में आज भी सन्नाटा पसरा हुआ है। 48 घंटे के बाद गांव में एक भी पुरुष नजर नहीं आ रहा है। वहीं, दूसरी ओर घटना में पीड़ित मौसम परिवार ने अपने पुश्तैनी घर को हमेशा के लिए छोड़ दिया है। कोंटा ब्लाक में जादू टोना व शक की बुनियाद पर हुई हत्या के बाद अब सबकी निगाहें इस पूरे घटना के पीछे का राज जानने की है। एक ओर जहां पुलिस ने 1 महिला और 17 पुरुषों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है, लेकिन अभी भी घटना को लेकर कई तरह के रहस्य बरकरार है। इस घटना को चिंगारी देने वाले उस वड्डे की तलाश पुलिस करने में लगी है। जिसने पूरे ▶▶ शेष पेज 4 पर

■ घटना के 48 घंटे बाद भी पसरा सन्नाटा, मौसम परिवार ने गांव को किया अलविदा





### सूने घर को छोड़ मौसम परिवार का अलविदा

*ग्राम इतकल में 15 सितंबर की घटना के बाद अपनों को खोने के गम में मौसम परिवार की बहन बेटियों ने अपने पुश्तैनी घर को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया। घटना के 48 घंटे बाद स्व. मौसम बुच्चा की बहनों व रिश्तेदारों ने गांव से अपने घर के सामान को ट्रैक्टर में डाल कर कोंटा ले आए। इस दौरान रिश्तेदारों की निगाहें उस घर को बार-बार निहार रही थी, जिस घर में उनका बचपन गुजरा था।*

### सभी जिलों में खुलेंगे अन्नपूर्णा दाल-भात केंद्र



*रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मंगलवार को मोर आवास और विश्वकर्मा जयंती समारोह में शामिल हुए। सीएम साय ने रायपुर के सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आयोजित 'मोर आवास मोर अधिकार' कार्यक्रम में जनसेवा की नई मिसाल कायम करते हुए हितग्राहियों के पांव पखारकर उनका आशीर्वाद लिया।*

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंगलवार को विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर प्रदेश के मेहनतकश श्रमिकों के हित में दो महत्वपूर्ण घोषणाएं की। मुख्यमंत्री ने प्रदेशभर में श्रमिकों को 5 रुपए में भरपेट भोजन मिल सके, इसके लिए प्रदेश के सभी जिलों में अन्नपूर्णा दाल-भात केंद्र खोलने की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल की योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट शिक्षा योजना प्रारंभ करने की घोषणा भी की।

### हिंदू संगठनों ने घेरा थाना

## फिलिस्तीन का झंडा फहराया, 5 गिरफ्तार, टीआई लाइन अटैच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

एक दिन पहले त्योहार का जश्न मनाने के दौरान एक कुछ लोगों ने तारबाहर क्षेत्र में फिलिस्तीन का झंडा फहराया। इसका वीडियो वायरल होने से शहर में हड़कंप मच गया और हिन्दू संगठन के लोगों ने तारबाहर थाने का घेराव कर कार्रवाई की ▶▶ शेष पेज 4 पर

### 5 युवक गिरफ्तार

*तारबाहर खुदीराम बोस चौक में फिलिस्तीन का झंडा फहराने की शिकायत मिलने पर तारबाहर थाने में बीएनएस की धारा 197, 2 के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। मामले में 5 लोगों की गिरफ्तारी की गई है। जांच में और भी नाम सामने आने पर कार्रवाई की जाएगी।*

*पूजा कुमार, सीएसपी कोतवाली*

### पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे

# शाह का ऐलान-इसी कार्यकाल में एक राष्ट्र-एक चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली राजग सरकार अपने मौजूदा कार्यकाल में ही 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को लागू करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने के अवसर पर एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, हमारी योजना इस सरकार के कार्यकाल के दौरान ही 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की व्यवस्था लागू करने की है। संवाददाता सम्मेलन में शाह के साथ सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव भी मौजूद थे। पिछले महीने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की जोरदार वकालत की थी और कहा था कि बार-बार चुनाव होने से देश की प्रगति में बाधा उत्पन्न हो रही है।




### कोविंद समिति ने तय नहीं की समय सीमा

कोविंद समिति ने एक साथ चुनाव कराने की व्यवस्था लागू करने के लिए कोई समय सीमा तय नहीं की। उसने 18 संवैधानिक संशोधन करने की सिफारिश की जिनमें से अधिकांश को राज्य विधानसभाओं के अनुमोदन की आवश्यकता नहीं होगी। हालांकि, इसके लिए कुछ संविधान संशोधन विधेयकों की आवश्यकता होगी जिन्हें संसद द्वारा पारित किया जाना आवश्यक होगा।

### जनगणना की घोषणा 'बहुत जल्द'

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सरकार देश में जनगणना कराने के लिए बहुत जल्द घोषणा करेगी। जनगणना के बारे में सवाल पूछे जाने पर शाह ने कहा, हम बहुत जल्द इसकी घोषणा करेंगे। हर 10 साल में होने वाली जनगणना की कवायद में कोविड-19 महामारी के कारण देरी हुई है। भारत में 1881 से हर 10 साल में जनगणना की जाती है। इस दशक की जनगणना का पहला चरण एक अप्रैल, 2020 को शुरू होना था लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इसे स्थगित करना पड़ा। शाह की यह टिप्पणी जाति आधारित जनगणना कराने की राजनीतिक दलों की मांग के बीच आई है।

### पहले 100 दिनों में किसानों के लिए कई नीतियां

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों में कृषि उत्पादकता और निर्यात बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए किसानों के हित में कई नीतियां लागू की हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में बनी सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिन में अर्थव्यवस्था के 14 क्षेत्रों में 15 लाख करोड़ रुपये की नीतियां लागू की हैं। उन्होंने किसानों के कल्याण के लिए उठाए गए कदमों का जिक्र करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने स्टार्टअप एवं ग्रामीण उद्यमों को समर्थन देने के लिए कृषि अवसरंचना कोष की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि किसानों के जीवन एवं आजीविका को बेहतर करने के लिए सात योजनाओं के तहत 14,200 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

## जम्मू कश्मीर में पहले चरण के लिए 24 सीटों पर आज मतदान

# आतंक की शिकार शगुन से लेकर महबूबा की बेटी पर होगी सबकी नजर




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के पहले चरण की 24 सीटों के लिए बुधवार को मतदान कराया जाएगा। इससे पहले चुनाव आयोग ने मतदान की तैयारियां पूरी कर ली हैं। पहले चरण में 24 सीटों पर कुल 219 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। पहले दौर में कश्मीर घाटी की 16 सीटों जबकि जम्मू संभाग की आठ सीटों के लिए मतदान कराया जाना है। करीब 23.27 लाख मतदाता, जिनमें 5.66 लाख युवा मतदाता नेताओं के भाग्य का फैसला करेंगे। आइए जानते हैं पहले चरण की हाई प्रोफाइल सीट...*

**किश्तवाड़:** केंद्र की सत्ताधारी भाजपा ने यहां से आतंकी हमले में पिता-चाचा को खोने वाली शगुन परिहार को मैदान में उतारा है। शगुन भाजपा के दिग्गज नेता रहे अनिल परिहार की भतीजी हैं।

### बिजबिहाड़ा

अनन्तनाग जिले में पड़ने वाली बिजबिहाड़ा सीट से जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा चुनाव लड़ रही हैं। इस सीट पर भाजपा की तरफ से घाटी के वरिष्ठ नेता सोफी मोहम्मद यूसुफ प्रत्याशी हैं, जो परंपरागत रूप से पहलगाम से चुनाव लड़ते रहे हैं। इसके अलावा बशीर अहमद शाह वीरी जम्मू कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस की तरफ से उम्मीदवार हैं जिसका कांग्रेस के साथ गठबंधन है। पिछले चुनाव में बिजबिहाड़ा से महबूबा मुफ्ती की पार्टी पीडीपी के अब्दुल रहमान भट जीते थे।

किश्तवाड़ सीट पर शगुन का मुकाबला नेशनल कॉन्फ्रेंस के सज्जाद अहमद किचलू और पीडीपी के फिरदौस अहमद टाक से है। पिछले चुनाव में यहां भाजपा के सुनील शर्मा को सफलता मिली थी।

**डूरू:** दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले की इस सीट से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव और जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष गुलाम अहमद मीर चुनाव लड़ रहे हैं। मीर डूरू सीट से दो बार विधायक रह चुके हैं। उनके सामने पीडीपी से मोहम्मद अशरफ मलिक उतरे हैं। पिछले चुनाव में यहां पीडीपी के सैयद फारूक अहमद अंद्राबी को मीर के सामने महज 161 वोटों से जीत मिली थी।

**पुलवामा :** यह सीट भी पहले चरण में शामिल है। पुलवामा सीट से पीडीपी ने युवा नेता वहीद उर रहमान पारा को मैदान में उतारा है। पारा का मुकाबला नेशनल कॉन्फ्रेंस के मोहम्मद खलील बंद से है। पीडीपी के संस्थापक सदस्यों में से एक बंद 2019 में पार्टी से इस्तीफा देकर नेकां में शामिल हो गए थे।

### 35 हजार कश्मीरी पंडित डालेंगे वोट

देश भर से 35,000 से ज्यादा विस्थापित कश्मीरी पंडित बुधवार को जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले चरण में वोटिंग करेंगे। विस्थापित कश्मीरी पंडित दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग, पुलवामा, शोपियां और कुलगाम जिलों के 16 निर्वाचन क्षेत्रों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। अधिकारियों ने कहा है कि सुरक्षा बलों और चुनाव दलों को उनके संबंधित केंद्रों पर तैनात किया जा रहा है। पहले चरण के चुनाव में कश्मीरी पंडित समुदाय के छह उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। संजय सराफ लोक जन शक्ति पार्टी के उम्मीदवार के रूप में अनंतनाग सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं बीजेपी के वीर सराफ, अपनी पार्टी के एम के योगी और दिलीप पंडिता, एक निर्दलीय, शांगस-अनंतनाग सीट से मैदान में हैं। रोजी रैना और अरुण रैना रिपब्लिक पार्टी ऑफ इंडिया और एनसीपी के उम्मीदवार के रूप में राजपोरा और पुलवामा सीटों से चुनाव लड़ रहे हैं।

### 2014 से कितना अलग यह चुनाव

- 5 अगस्त 2019 को आर्टिकल 370 हटने के बाद पहली बार विस चुनाव
- आखिरी बार 2014 में 87 विधानसभा सीटों पर चुनाव हुआ था, जिसमें 4 सीटें लद्दाख की थीं। इस बार लद्दाख के केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद 7 विधानसभा सीटें बढ़ीं। इसलिए इस बार 90 सीटों पर चुनाव होगा
- 90 सीटों में से 74 जनरल, 7 एससी और 9 सीटें एसटी के लिए आरक्षित
- 370 हटने के पहले जम्मू-कश्मीर सरकार का कार्यकाल 6 साल का होता था, लेकिन अब यह 5 साल का ही होगा

भितरघात सबसे बड़ी चुनौती

## हरियाणा चुनाव

# भाजपा के 19 तो कांग्रेस के 29 बागी बिगाड़ सकते हैं खेल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हरियाणा विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और विपक्षी कांग्रेस को बागियों की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा के 19 और कांग्रेस के 29 बागी क्रमशः 15 और 20 निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं द्वारा की गई अपील उन 19 बागियों ने अनसुनी कर दी जो 15 निर्वाचन क्षेत्रों में पार्टी के उम्मीदवारों को चुनौती दे रहे हैं। भाजपा के असंतुष्टों में प्रमुख उद्योगपति सावित्री जिंदल हैं, जिन्हें हिसार विधानसभा क्षेत्र से टिकट देने से इनकार कर दिया गया था। जिंदल और गौतम सरदाना पार्टी उम्मीदवार डॉ. कमल गुप्ता के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं।



### कांग्रेस में ज्यादा बागी

बीजेपी की तुलना में कांग्रेस में ज्यादा बागी हैं। 20 विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी प्रत्याशियों को 29 बागियों द्वारा चुनौती दी जा रही है। आपको जानकारी के लिए बता दें कि मौजूदा चुनाव में 48 असंतुष्टों सहित कुल 1031 उम्मीदवार मैदान में हैं, जो 2019 की तुलना में 138 कम है, जब 1169 उम्मीदवार मैदान में थे। बीजेपी और कांग्रेस के पास 89 उम्मीदवार हैं, उसके बाद सीपीआईएम, आईएनएलडी-बीएसपी और जेजेपी-एएसपी ने क्रमशः 1, 87 और 83 उम्मीदवार उतारे हैं। गौरतलब है कि हरियाणा में 5 अक्टूबर को मतदान होगा।

### हरियाणा के लिए खड़गे, राहुल आज करेंगे गारंटी रिलीज

**हरिभूमि ब्यूरो. नई दिल्ली।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी बुधवार को कांग्रेस मुख्यालय में घोषणा पत्र के रूप में हरियाणावासियों के लिए गारंटी जारी करने जा रही है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में पार्टी की ओर से पहली 15 गारंटियों की घोषणा किये जाने की संभावना है। कुछ दिनों के बाद कांग्रेस की गारंटियां चंडीगढ से भी जारी की जाएगी। गारंटियों में किसान, नौजवान, खेत खलिहान और खेल खिलाडियों को विशेष तवज्जो दी जाएगी। सूत्रों ने बताया कि हरियाणा में कांग्रेसी सरकार सत्तारूढ होने के बाद दो लाख खाली पडे सरकारी पदों पर पक्की भर्तियों की गारंटी दी जा सकती है। साथ ही पुरानी पेंशन स्कीम और बुढापा पेंशन 6 हजार तक किये जाने की गारंटी को भी शामिल किया जा सकता है।

कांडा के बयान से भूचाल

### इनेलो-बसपा-हलोपा में रार टूट जाएगा गठबंधन !

**चंडीगढ़।** इनेलो-बसपा-हलोपा गठबंधन चुनाव पूर्व ही टूट सकता है। दरअसल, हरियाणा लोकहित पार्टी (हलोपा) के अध्यक्ष गोपाल कांडा द्वारा भाजपा के साथ मिलकर सरकार बनाने संबंधी बयान से भूचाल आ गया है। इससे उनके साथी दल खासे नाराज हैं। इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा ने कहा है कि भाजपा व कांग्रेस को सत्ता में आने से रोकने के लिए ही हलोपा इनेलो-बसपा गठबंधन के साथ आए थे। कांडा का बयान पूरी तरह से गैर-जिम्मेदाराना है। यदि उन्होंने अपने बयान पर गठबंधन के सामने स्थिति साफ नहीं की जो उन्हें समर्थन देने पर पुनर्विचार किया जाएगा। बता दें, कांडा ने रविवार को बयान दिया था कि उनकी पार्टी हलोपा अभी भी एनडीए का हिस्सा है और विधानसभा चुनाव के बाद इनेलो-बसपा-हलोपा मिलकर भाजपा की सरकार बनाएंगे। गोपाल कांडा के इस बयान के बाद सोमवार को भाजपा ने सिरसा विधानसभा सीट से अपने उम्मीदवार रोहताश जांगड़ा का नामांकन वापस करा दिया है।



### राहुल बाबा झूठ बोलने की मशीन, अग्निवीर योजना पर फैला रहे अफवाह : गृहमंत्री शाह

**भिवानी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भिवानी के लोहारू की चुनावी सभा में कहा कि अग्निवीर योजना पर भी कांग्रेस वाले विशेषकर राहुल बाबा राजनीति कर रहे हैं, अफवाह फैला रहे हैं। जब मैंने यहां के मुख्यमंत्री नायब सैनी जी से कहा कि भारत सरकार के गृह विभाग ने देश भर की पुलिस ने अग्निवीरों को 20% रिजर्वेशन दिया है, मगर आप अलग से क्या करोगे। हरियाणा के जितने भी अग्निवीर हैं, उन सभी को मैं हरियाणा में सरकारी नौकरी दूंगा। मैं हरियाणा के युवाओं से कहना चाहता हूं कि ये हुड्डा एंड कंपनी झूठ फैला रहे हैं कि अग्निवीर का बाद में क्या होगा। मैं आप सबसे कहना चाहता हूं कि हरियाणा के एक भी अग्निवीर को अगर वापस आना पड़ता है, तो वो नौकरी के बगैर नहीं रहेगा इसकी जिम्मेदारी भाजपा की है। शाह ने कहा कि मैं हुड्डा साहब से पूछना चाहता हूं कि 40 साल से जवान 'वन रैंक वन पेंशन' की मांग कर रहे थे लेकिन कांग्रेस पार्टी ने उन्हें ये नहीं दिया। परंतु जब जनता ने 2014 में मोदी जी को पीएम बनाया और 2015 में पीएम ने 'वन रैंक वन पेंशन' देने का काम किया।



# विसर्जन पर निकाली गई झांकियां

## राजनांदगांव में तीन दर्जन समितियों ने निकाली झांकियां





हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

अनंत चर्तुदशी के अवसर पर मंगलवार की रात शहर में परंपरा अनुसार विसर्जन झांकिया निकाली गई। शहर की करीबन तीन दर्जन गणेश समितियो द्वारा अलग-अलग विषयो पर आधारित निकाली गई झांकिया देखने बड़ी संख्या में लोग भी पहुंचे थे। प्रशासन द्वारा तय रुट पर समितियो ने अपनी झांकिया निकाली। अधिकतर झांकियां 2-3 गाड़ियों में बनाई गई थी।

राजनांदगांव की झांकियां देशभर में प्रसिद्ध हैं। इस साल भी यहां की झांकियों को देखने के लिए महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के दूसरे जिलों से भी लोग पहुंचे। इस साल करीब 32 समितियों ने अलग-अलग प्रसंगों से सुसज्जित झांकियां शहर के प्रमुख मार्गों से निकालीं। यह सिलसिला शुक्रवार सुबह 8 बजे तक जारी रहा। शाम से पहले हल्की बारिश ने समितियो की चिंता जरुर बढ़ाई थी, लेकिन कुछ समय बाद ही बारिश थम गई। जिसके बाद समितियो ने अपनी झांकियो को अंतिम रुप दिया और करीबन शाम 8 बजे से मानव मंदिर रुट से झांकी निकलना शुरु हो गई थी।

### अलग-अलग थीम की झांकी

झांकियों में भव्य आर्च में लगी विद्युत बल्बों की चकाचौंध जहां लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी, वहीं विभिन्न प्रसंगों पर बने झांकियों की चलित प्रतिमा को देख दर्शक भाव विभोर होते रहें। परंपरागत ढंग से निकली विसर्जन झांकी के दौरान बड़ी संख्या में शहरी सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों से भक्तों का आगमन शाम से ही शहर में होता रहा।

यूपी के फिरोजाबाद में हादसा

# पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट दो बच्चों समेत 5 की मौत

एजेंसी ▶▶| फिरोजाबाद

यूपी के फिरोजाबाद में पटाखा फैक्ट्री में आग लगने की दुर्घटना में पांच से अधिक लोगों की मौत हो गई। सोमवार देर रात पटाखों में अचानक आग लग गई। इसके बाद तेज धमाके के साथ जबरदस्त ब्लास्ट हुआ। फिर किसी फिल्मी सीन की तरह आसपास के इलाकों में खिड़की-दरवाजे टूट गए और दीवारों में दरारें तक पड़ गईं। इस घटना में दो बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। छह मकान भी ढहने की खबर है। कई किलोमीटर तक धमाके की आवाज गूंजी। मलबे के नीचे दबे अन्य घायलों को जेसीबी मशीन ने निकाला गया। वहीं, अब तक पांच लोगों की मौत हो गई है। आगरा रेंज के आईजी दीपक कुमार की मानें तो शिकोहाबाद थाना क्षेत्र में एक घर में पटाखे रखे हुए थे।



### ढह गए छह मकान

आसपास के करीब छह मकान जमींदोज हो गए। अन्य मकानों की दीवारों में दरारें आ गईं। घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर स्थित एक मकान के अंदर लकड़ी के बेड बनाने वाले एक परिवार की मीरा देवी (52) निवासी नौशहरा, संजना, दीपक और राकेश घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां मीरा देवी की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं, पंकज (24) निवासी नौशहरा समेत एक अन्य की भी मौत हो गई।

घुसपैठ की कोशिश

# बीएसएफ ने ढेर किया पाकिस्तानी नागरिक

**अमृतसर।** सीमा सुरक्षा बल ने पाकिस्तान की ओर से भारत में अवैध तरीके से प्रवेश कर रहे एक घुसपैठिये को मार गिराया। बल के जवानों ने घुसपैठिये को बार बार रुकने का इशारा किया, पर वह नहीं माना। अंततः जवानों ने गोली चला दी, जिससे उसकी मौत हो गई। दरअसल, गांव रतन खुर्द फेंसिंग के नजदीक सोमवार की रात लगभग सवा नौ बजे यह घुसपैठिये इस पार आने का प्रयास कर रहा था। जवानों ने जब उसे देखा तो रुकने का इशारा किया, पर वह नहीं माना। जवानों ने उसे चेतावनी भी दी, पर वह लगातार इस ओर बढ़ता रहा। इसके बाद जवानों ने उस पर गोली चला दी। घुसपैठिये की मौके पर मौत हो गई। तलाशी के दौरान उससे 270 रुपये पाकिस्तानी करंसी बरामद हुई है। सीमा सुरक्षा बल ने शव को थाना घरिंडा पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।



असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
HMS देखकर खरीदें
बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
20 वर्षों से प्रसिद्ध 94060-21769

# इस्पात मंत्री स्वामी ने बीएसपी से की 'स्वच्छता ही सेवा' मुहिम की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



- सेल चेयरमेन के साथ किया प्लांट का विजिट, विश्वकर्मा पूजा में हुए शामिल

इस्पात मंत्रालय द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरुआत सेल के सबसे बड़े उपक्रम भिलाई इस्पात संयंत्र से की। केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमार स्वामी और सेल चेयरमेन अमरेंद्र प्रकाश ने मंगलवार को भिलाई इस्पात संयंत्र के यूनिवर्सल रेल मिल (यूआरएम) में झाड़ू लगाकर श्रमदान कर शुभारंभ किया। इस दौरान स्वामी बीएसपी में विश्वकर्मा पूजा कार्यक्रम में भी शामिल हुए और संयंत्र के भ्रमण वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ली।

दो दिवसीय दौरे पर सेल चेयरमेन अमरेंदु प्रकाश के साथ भिलाई पहुंचे भारी उद्योग और इस्पात मंत्री कुमार स्वामी पीएम मोदी के जन्म दिवस पर स्वच्छता ही सेवा मुहिम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज अनिर्बान दासगुप्ता सहित सभी कार्यपालक निदेशक उपस्थित थे। इस्पात मंत्री ने बीएसपी के ब्लास्ट फर्नेस 8 व एसमएस 3 सहित विभिन्न मिलों का विजिट किया और विश्वकर्मा पूजा में भी शामिल होकर कार्मिकों को शुभकामनाएं दीं। यह एक सुखद संयोग है कि पहली बार इस्पात मंत्री स्वामी का दौरा विश्वकर्मा जयंती के दिन हुआ।

### ओए व यूनियनों से मिले

कुमार स्वामी ने अपने दिनभर के व्यस्ततम प्रवास के तहत यहां भाजपा नेताओं के अलावा विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधि मंडलों से मुलाकात की। उन्होंने इस्पात भवन में बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन और सेफी चेयरमेन एनके बंछोर के नेतृत्व में ओए प्रतिनिधि मंडल सहित केंद्रीय श्रमिक यूनियनों से मिलकर मुलाकात की। दोनों संगठनों ने बीएसपी सहित सेल व कार्मिकों की लंबित समस्याओं पर चर्चा कर जल्द निदान की मांग की। इसके बाद भिलाई निवास में सांसद विजय बघेल, भाजपा नेताओं और सामाजिक प्रतिनिधि मंडलों से भी भेंट की।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania11@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

रायपुर, बुधवार 18 सितंबर 2024 | भाद्रपद शुक्ल पक्ष पूर्णिमा | वर्ष : 23, अंक : 63 | पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


51वें मिनट में गोल

1.0 से जीत




### आईसीसी ने जारी किया बयान

आईसीसी ने बयान में कहा, यह कदम आईसीसी की महिला खेल को प्राथमिकता देने और 2032 तक इसके विकास में तेजी लाने की रणनीति के अनुरूप है। टीमों को अब आईसीसी के एक जैसे आयोजनों पर समान योग्यता के लिए एक जैसी ही पुरस्कार राशि दी जाएगी। इसी तरह उन आयोजनों में मैच जीतने के लिए भी समान राशि दी जाएगी। आईसीसी ने कहा, पुरुष टी-20 विश्व कप 2024 की पुरस्कार राशि 10 अतिरिक्त के कारण अधिक थी।

# जुगराज के गोल से भारत चैंपियन

## चीन को हराकर पांचवीं बार जीती एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी

एजेंसी ▶▶ हुलुनबुइर

टूर्नामेंट में अजेय रही भारतीय हॉकी टीम ने मंगलवार को मेजबान चीन को कड़े मुकाबले में 1.0 से हराकर पांचवीं बार एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी खिताब जीता। पहले तीन क्वार्टर तक कोई टीम गोल नहीं कर सकी। आखिर में डिफेंडर जुगराज सिंह ने फील्ड गोल करके टीम को जीत दिलाई। ▶▶शेष पेज 4 पर

### हरमनप्रीत-जुगराज की जुगलबंदी

भारत के गोल के सूत्रधार हरमनप्रीत रहे जो जबर्दस्त स्टिक वर्क दिखाते हुए चीनी सर्कल में घुसे और जुगराज को गेंद सौंपी, जिसने गोल करने में कोई चूक नहीं की। हूटर से चार मिनट पहले चीन ने अपने गोलकीपर को हटाया।



### इन देशों से जीता भारत

| | | |
|---|---|---|
| 2011 | - | पाकिस्तान |
| 2016 | - | पाकिस्तान |
| 2018 | - | संयुक्त जीत |
| 2023 | - | मलेशिया |

- एशिया कप में मैच का एकमात्र गोल जुगराज ने किया
- चीन की टीम चार क्वार्टर के बाद भी गोल नहीं कर पाई
- भारत को 4 जबकि चीन को 5 पेनल्टी कॉर्नर मिला

# महिला टी-20 वर्ल्ड कप में बरसेगा छप्पर फाड़कर धन, पुरुषों के समान मिलेगी इनामी राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने महिला टी-20 विश्व कप 2024 की शुरुआत से पहले ऐतिहासिक कदम उठाते हुए बड़ा ऐलान किया है। अब महिला टी-20 विश्व कप में भी पुरुष टी-20 विश्व कप के समान ही इनामी राशि दी जाएगी। जुलाई में आईसीसी के वार्षिक सम्मेलन में यह निर्णय लिया गया था।

- आईसीसी का बड़ा ऐलान, महिला क्रिकेटरों की बल्ले-बल्ले
- महिला टी-20 वर्ल्ड कप की प्राइज मनी 225% बढ़ी



### विजेता टीम को दी जाएगी 20 करोड़ रुपए की इनामी राशि

महिला टी-20 विश्व कप 2024 में विजेता टीम को पुरुषों के समान 20.34 लाख अमरीकी डॉलर (करीब 20 करोड़ रुपये) दिए जाएंगे। यह राशि 2023 में खिताब जीतने वाली ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम को दी 10 लाख डालर (8 करोड़ रुपये) से 134 प्रतिशत अधिक है।


लीला देवी कॉलेज ऑफ नर्सिंग एण्ड फार्मेसी

बी एस सी नर्सिंग [60 Seats]

डिप्लोमा इन फार्मेसी [60 Seats]

महाविद्यालय परिसर : ग्रेटर रायपुर, मोतीपुर, जामगांव रोड, जिला -दुर्ग 9131880895, 8319870997

6, इंस्टीट्यूशनल एरिया, मुखर्जी हॉस्टल के पीछे, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, रायपुर 83700 77700, 7024125200



inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


- शीर्ष न्यायालय ने देशभर में 1 अक्टूबर तक कार्रवाई पर लगाई पाबंदी
- केंद्र सरकार ने कहा- हाथ न बांधें, कोर्ट बोला- आसमान नहीं फट पड़ेगा

*सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को 1 अक्टूबर तक बुलडोजर एक्शन पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने कहा कि अगली सुनवाई तक देश में एक भी बुलडोजर कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए। कोर्ट ने कहा कि हम स्पष्ट कर दें कि इस ऑर्डर में सड़कों, फुटपाथों, रेलवे लाइंस के अवैध अतिक्रमण नहीं शामिल हैं। इधर, इस आदेश पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं के हाथ इस तरह नहीं बांधे जा सकते हैं।*



# 'बुलडोजर न्याय' पर 'सुप्रीम' रोक, कोर्ट ने कहा- हमारी इजाजत के बिना न हो तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने समूचे देश में प्राधिकारियों को उसकी इजाजत के बिना आपराधिक मामलों में आरोपियों की संपत्ति समेत अन्य संपत्तियों को एक अक्टूबर तक ध्वस्त नहीं करने का निर्देश देते हुए मंगलवार को कहा कि अगर अवैध रूप से ध्वस्तीकरण का एक भी मामला है तो यह हमारे संविधान के मूल्यों के विरुद्ध है। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने स्पष्ट किया कि उसका आदेश सार्वजनिक सड़कों, फुटपाथों आदि पर बने अनधिकृत ढांचों पर लागू नहीं होगा। पीठ ने कहा, यदि अवैध ध्वस्तीकरण का एक भी उदाहरण है] तो यह हमारे संविधान के मूल्यों के विरुद्ध है। पीठ ने कहा कि मामले की अगली सुनवाई की तारीख एक अक्टूबर तक, इस अदालत की अनुमति लिए बिना कोई भी तोड़फोड़ नहीं की जाएगी। शीर्ष अदालत उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी जिनमें आरोप लगाया गया था कि कई राज्यों में आपराधिक मामलों में आरोपियों की संपत्तियों को ध्वस्त किया जा रहा है। सॉलिसिटर ▶▶शेष पेज 4 पर



### अवैध बुलडोजर एक्शन संविधान के खिलाफ

सुप्रीम कोर्ट ने कहा बाहरी शोर से हम प्रभावित नहीं होते हैं। अभी हम इस पॉइंट पर नहीं जा रहे हैं कि किस समुदाय पर एक्शन लिया जा रहा है। अगर एक भी अवैध बुलडोजर एक्शन है तो यह संविधान के खिलाफ है। धारणाओं से हम प्रभावित नहीं होते हैं। हम साफ कर दे रहे हैं कि हम किसी भी अवैध अतिक्रमण के बीच नहीं आएंगे, लेकिन अधिकारी जज नहीं बन सकते हैं। अभी हमारा मकसद डिमोलेशन की कार्रवाई को व्यवस्थित करना है।

### याचिकाकर्ता ने राज्यों पर लगाए आरोप

एक याचिकाकर्ता की ओर से पेश एक वकील ने कहा था कि लगभग हर राज्य अब इसमें लिप्त हो रहा है और संपत्तियों को ध्वस्त कर रहा है। शीर्ष अदालत जमीयत उलेमा-ए-हिंद और अन्य द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें विभिन्न राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश देने का अनुरोध किया गया था कि दंगों और हिंसा के मामलों में आरोपियों की संपत्तियों को भविष्य में नहीं तोड़ा जाए।

### इन पर छूट

अतिक्रमण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कुछ मामले में छूट दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम स्पष्ट कर दें कि इस ऑर्डर में सड़कों, फुटपाथों, रेलवे लाइंस के अवैध अतिक्रमण नहीं शामिल हैं।

### केंद्र सरकार ने उठाया सवाल

केंद्र सरकार ने इस ऑर्डर पर सवाल उठाया। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं के हाथ इस तरह नहीं बांधे जा सकते हैं। इस पर जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने कहा- अगर कार्रवाई दो हफ्ते रोक दी तो आसमान नहीं फट पड़ेगा। आप इसे रोक दीजिए, 15 दिन में क्या होगा?

### जमीयत ने भी दायर की थी याचिका

जमीयत ने इससे पहले राष्ट्रीय राजधानी के जहांगीरपुरी इलाके में कुछ इमारतों को गिराए जाने को लेकर शीर्ष अदालत में एक याचिका दायर की थी। मुस्लिम संगठन ने पहले शीर्ष अदालत में एक याचिका दायर की थी, जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार को यह सुनिश्चित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था कि राज्य में हिंसा के आरोपियों की संपत्तियों को भविष्य में नहीं तोड़ा जाए। इसने यह भी कहा था कि बिना उचित प्रक्रिया का पालन किए और बिना पूर्व सूचना के कोई भी तोड़फोड़ नहीं की जानी चाहिए।

# हिजबुल्ला लड़ाकों के पेजर्स में धमाके, नौ की मौत 2700 से अधिक घायल



एजेंसी ▶▶ बेरूत

लेबनान के विभिन्न हिस्सों में पेजर में विस्फोट होने की घटनाओं में हिजबुल्ला समूह के सदस्यों एवं एक लड़की सहित कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई जबकि एक ईरानी राजदूत घायल हो गए। अधिकारियों ने इस हमले के लिए इजरायल की ओर इशारा किया, जो कि एक परिष्कृत, दूरस्थ हमला प्रतीत होता है। इसमें 2,700 से अधिक लोग घायल हो गए। यह घटना ऐसे समय हुई है जब लेबनान सीमा पर तनाव बढ़ा हुआ है। इजराइली सेना ने इस पर टिप्पणी करने से इंकार कर दिया। हिजबुल्ला के एक अधिकारी ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर मीडिया को बताया कि समूह द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले 'हैंडहेल्ड पेजर' के नए ब्रांड पहले गर्म हुए, फिर उनमें विस्फोट हो गया। अधिकारी ने बताया कि इसमें उसके कम से कम दो सदस्यों की मौत हो गई और अन्य घायल हो गए। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्री फिरास अबियाद ने कहा कि कम से कम नौ लोग मारे गए।

### पेजर में धमाके कैसे संभव हुए?

हिजबुल्ला के सदस्यों ने जो नए पेजर खरीदे थे, उनमें लिथियम बैटरियों का इस्तेमाल होता है। इन्हीं बैट्रियों के फटने के चलते संगठन के हजारों सदस्य घायल हो गए। लिथियम बैट्री जब ओवरहीट कर जाती हैं तब इनसे धुआं निकलता है या ये गल जाती हैं। कई बार इनमें अचानक धमाके के साथ आग भी लग जाती है। लिथियम बैट्रियां मोबाइल फोन से लेकर लैपटॉप और इलेक्ट्रिक कारों में भी इस्तेमाल की जाती हैं।

### इजराइल का हाथ होने का संदेह

हिजबुल्ला के एक अधिकारी ने कहा, इस सुरक्षा घटना के पीछे दुश्मन (इजराइल) का हाथ है। उन्होंने कहा कि हिजबुल्ला के सदस्यों के पास जो नये पेजर थे, उनमें लिथियम बैटरी थी जो संभवतः फट गई। यह घटना लेबनान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव के बीच हुई है। इजराइल और गाजा में हिजबुल्ला के सहयोगी हमास के बीच युद्ध जारी है।

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी 21 से करेंगे अमेरिका का दौरा



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वार्षिक 'क्वाड' शिखर बैठक में शामिल होने और संयुक्त राष्ट्र महासभा में 'समिट ऑफ द फ्यूचर' को संबोधित करने के लिए 21 सितंबर से अमेरिका का तीन दिवसीय दौरा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि मोदी 21 सितंबर को डेलवेयर के विलमिंगटन में 'क्वाड' नेताओं की शिखर बैठक में शामिल होंगे।

### महिला उद्यमियों को बिना गारंटी 90 फीसदी कर्ज



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने मंगलवार को कहा कि महिलाओं की अगुवाई वाले सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को सीजीटीएमएसई योजना के तहत अब 90 प्रतिशत तक कर्ज बिना किसी गारंटी के ही मिल सकेगा। एमएसएमई मंत्री मांझी ने कहा कि सीजीटीएमएसई के निदेशक मंडल ने इस संबंध में नए दिशा-निर्देशों को पिछले सप्ताह मंजूरी दी।

### ट्रक-बाइक टक्कर में परिवार के चार की मौत



**तिरुनेलवेली।** तमिलनाडु के तिरुनेलवेली में मंगलवार को एक ट्रक और मोटरसाइकिल के बीच टक्कर हो जाने की घटना में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। इसमें दो लड़कियां शामिल हैं। मृतकों की पहचान कन्नन (40), उसकी बच्चियों मारेश्वरी (14), सम्मेरा (7) और उसकी 60 वर्षीय सास अंडाल के रूप में हुई है।

### पहली महिला पायलट बनीं स्क्वाड्रन लीडर मोहना



**नई दिल्ली।** स्क्वाड्रन लीडर मोहना सिंह देश में निर्मित पहले हल्के युद्धक विमान तेजस की स्क्वाड्रन में शामिल पहली महिला पायलट बन गई हैं। तेजस की स्क्वाड्रन को '18 फ्लाइंग बुलेट' के नाम से जाना जाता है। वायुसेना ने इनकी तैनाती गुजरात सेक्टर के तहत आने वाले नलिया एयरबेस पर की है।

**गरज के साथ जोरदार बारिश का अनुमान**

# छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश समेत 13 राज्यों में संकट के बादल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

हिमाचल प्रदेश से लेकर पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर से लेकर ओडिशा और राजस्थान तक बारिश का कहर बरकरार है। हिमाचल प्रदेश के छह जिलों में यलो अलर्ट के बीच सोमवार को जमकर बादल बरसे। पश्चिम बंगाल में कई जिलों में तो बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए और निचले इलाके जलमग्न हो गए। झारखंड में भी रेड अलर्ट के बीच राज्य के कई जिलों में मूसलाधार बारिश हुई। इस बीच, मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश समेत कम से कम 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में अगले दो दिन गरज के साथ जोरदार बारिश और तेज हवाएं चलने की चेतावनी दी है।

### इन राज्यों में चेतावनी

मौसम विभाग के अनुसार छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, झारखंड, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, नगालैंड, मिजोरम, त्रिपुरा और केंद्र शासित प्रदेश अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में अगले दो दिन भारी बारिश की संभावना है। यहां लोगों को अत्यधिक सावधानी बरतने व बहुत जरूरी होने पर ही घर से निकलने की सलाह दी गई है।

### बदरीनाथ, हेमकुंड साहिब जा रहे श्रद्धालु फंसे

उत्तराखंड में बदरीनाथ हाईवे पर बार-बार कई जगहों पर भूस्खलन से यातायात बाधित हो रहा है। सोमवार को भी कमेड़ा, पर्थाडीप और चटवापीपल व अन्य जगहों पर मलबा गिरता रहा। इसके चलते, सेना के चार वाहनों समेत बदरीनाथ व हेमकुंड साहिब जा रहे श्रद्धालुओं के 400 से अधिक वाहन फंस गए।

## डुमाली पहाड़ी में दिखे तेंदुए के चार शावक...



कांकेर। जिला मुख्यालय से लगभग 4 किलोमीटर की दूरी पर डुमाली पहाड़ी में 17 सितंबर की शाम 5 बजे के आसपास तेंदुए के चार शावक नजर आए। जिसे देखने के लिए भीड़ जुट गई।

# दरिमा एयरपोर्ट पर 72 सीटर विमान की सफल लैंडिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

सरगुजा में हवाई सेवाएं शुरू करने को लेकर वर्षों से चल रही कवायद अब पूर्ण होती नजर आ रही है। दरिमा स्थित मां महामाया एयरपोर्ट को डीजीसीए द्वारा लाइसेंस जारी किए जाने के बाद विमान का संचालन करने वाली कंपनी एलायंस एयर द्वारा अपना पहला सफल ट्रायल किया गया। रायपुर से जुड़े 72 सीटर विमान की एयरपोर्ट पर सफल लैंडिंग और टेकऑफ कराई गई। लैंडिंग सफल होने के बाद अब कंपनी ▶▶शेष पेज 4 पर

### रनवे की जांच करने पहुंची कंपनी

- 20 मिनट रुकने के बाद भरी उड़ान, हवाई सेवा शुरू करने को लेकर जगी उम्मीदें



### एलायंस एयर ने की टेस्टिंग

सरगुजा से हवाई सेवा शुरू करने को लेकर फ्लाई बिग और एलायंस एयर कंपनियां सामने आई है। संभावना है कि एक दो दिन में फ्लाई बिग कम्पनी का विमान भी ट्रायल लैंडिंग करेगा लेकिन इस बीच ▶▶शेष पेज 4 पर

**पीएम के जन्मदिन पर 17 सितंबर 2022 में शुरू हुई थी चीता परियोजना**

# दो साल में कूनो में बचे 20 में से 12 चीते, 8 की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 17 सितंबर 2022 को भारत में करीब सात दशक बाद चीता को फिर से बसाने के लिए शुरू की गई 'चीता परियोजना' के मंगलवार को दो साल पूरे हो गए। चीतों की प्रारंभिक प्रवास स्थली बनाए गए मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में इस दौरान काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिले। केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के आंकड़ों के हिसाब से दो ▶▶शेष पेज 4 पर

*मध्य प्रदेश सरकार की ऑडिट रिपोर्ट में हुआ खुलासा, चीतों के लिए नहीं, गुजरात के गिर के शेरों के लिए तैयार किया गया था कूनो राष्ट्रीय उद्यान। चीता प्रबंधन में केंद्र और राज्य के विभागों के बीच रही तालमेल की कमी।*



### चीता प्रबंधन में तालमेल का अभाव

उधर, मध्य प्रदेश सरकार की एक हालिया आई ऑडिट रिपोर्ट में यह खुलासा किया गया है कि राज्य के कूनो राष्ट्रीय उद्यान चीतों के लिए नहीं बल्कि गुजरात के गिर के शेरों के लिए तैयार किया गया दूसरा घर था। चीतों के प्रबंधन को लेकर केंद्र और राज्य सरकार के विभागों के बीच तालमेल की कमी देखने को मिली। रिपोर्ट के मुताबिक कूनो की प्रबंधन योजना चीतों से जुड़ी हुई नहीं थी। इसमें नियमों के उल्लंघन के अलावा दस्तावेजों में चीता परियोजना पर आए खर्च की जानकारी भी मौजूद नहीं थी।

### ज्वाला, आशा और गामिनी के हैं शावक

कूनो में फिलहाल नामीबिया से लाए गए चीतों में शामिल ज्वाला के 5 और आशा के लिए 3 शावक हैं। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका से लाई गई गामिनी मादा चीता के 4 शावक मौजूद हैं।

**कोलकाता रेप-मर्डर केस**

# महिला डॉक्टरों की 'नाइट शिफ्ट न करने' के आदेश पर कोर्ट खफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में महिला डॉक्टर के साथ रेप और हत्या के मामले में मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। पिछले दिनों बंगाल सरकार ने महिला डॉक्टरों की सुरक्षा को लेकर अस्पतालों में नाइट शिफ्ट न दिए जाने का निर्देश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल सरकार के इसी आदेश पर कड़ी नाराजगी जताई है।

- सरकार से कहा- सुरक्षा करना आपकी जिम्मेदारी

### मनोज वर्मा नए पुलिस कमिश्नर

इधर, इस मामले में मनोज वर्मा कोलकाता के नए पुलिस कमिश्नर बनाए गए हैं। विनीत गोयल एसटीएफ के एडीजी होंगे। स्वास्थ्य विभाग में चार नए अफसर तैनात किए गए हैं।

## चिंतन

# सौ दिनों में उम्मीदों पर खरी उतरी मोदी-3 सरकार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे हो गए हैं। पहले और दूसरे कार्यकाल से अलग इस बार पीएम मोदी के सामने कई तरह की चुनौतियां भी दिखाई दीं। इसके बावजूद सरकार के कार्यकाल को कमतर नहीं आंका जा सकता। 4 जून को जब लोकसभा चुनाव के नतीजे सामने आए तो सवाल उठे कि पूर्ण बहुमत नहीं होने से पीएम मोदी का अंदाज अब वैसा नहीं रहेगा। यह बात बिल्कुल सही थी कि बीजेपी को पूर्ण बहुमत नहीं मिला और बहुत कुछ सहयोगियों पर निर्भर हो जाता है, लेकिन सरकार ने इन सौ दिनों में बेहतर प्रदर्शन किया। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने, रूस और यूक्रेन जाकर पीएम मोदी ने यह भी बता दिया कि सरकार की विदेश नीति में कोई बदलाव नहीं आया है। सरकार ने इन 100 दिनों में 15 लाख करोड़ रुपये की योजनाएं शुरू की हैं। इन योजनाओं को 14 स्तंभों में बांटा है। इन्फ्रास्ट्रक्चर में 3 लाख करोड़ की परियोजनाएं शुरू कीं। बधावन में मेगा पोर्ट बनेगा। वाराणसी में लाल बहादुर शास्त्री इंटरनेशनल एयरपोर्ट, पश्चिम बंगाल में बागडोगरा, बिहार में बिहटा एयरपोर्ट, अगत्ती मिनिकॉय में नई एयर स्ट्रिप बनाकर पर्यटन को बढ़ावा दिया गया है। बेंगलुरु मेट्रो, पुणे मेट्रो, ठाणे इंटीग्रेटेड रिंग मेट्रो और कई मेट्रो प्रोजेक्ट भी लॉन्च किए गए। युवाओं के लिए 2 लाख करोड़ के पीएम पैकेज की घोषणा की गई है। एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के मौके, भत्ते और एकमुश्त सहायता राशि दी जाएगी। केंद्र सरकार ने कई हजार नियुक्तियों का ऐलान किया है। मिडिल क्लास को भी 100 दिनों में कई राहतें दी गई हैं। अब 7 लाख रुपये तक की आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। वन रैंक वन पेंशन का तीसरा वर्जन लागू कर दिया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 3 करोड़ घर बनाए जाने हैं। जिनमें 1 करोड़ घर शहरी इलाकों में और 2 करोड़ घर ग्रामीण इलाकों में बनेंगे। तीसरे कार्यकाल में मजबूत होते विपक्ष का दबाव कहीं न कहीं दिखाई भी पड़ रहा है। सरकार को कुछ मौकों पर कदम भी पीछे खींचने पड़े हैं। सरकार के पीछे हटने का पहला मामला अगस्त की शुरुआत में सामने आया, जब वक्फ बोर्ड संशोधन बिल को संयुक्त संसदीय समिति के पास भेज दिया। इसके तुरंत बाद प्रसारण सेवा विधेयक वापस ले लिया। सरकार ने नवंबर 2023 में डिजिटल और अन्य मीडिया के नियमन को कड़ा करने के उद्देश्य से एक मसौदा प्रकाशित किया था। उसके बाद अगस्त के ही महीने में सरकार ने सिविल सेवा के बाहर के लोगों से वरिष्ठ नौकरशाही पदों के लिए आवेदन मांगने वाले एक विज्ञापन को वापस ले लिया। इस विज्ञापन पर भी काफी हंगामा हुआ। विपक्ष की ओर से यह कहा गया कि उसकी ओर से उठाए गए सवाल के बाद सरकार ने अपने कदम पीछे खींच लिए। वहीं, सरकार के सामने जाति जनगणना का मुद्दा है, जिसे विपक्ष लगातार उठा रहा है। सरकार ने जनगणना करवाने का ऐलान तो कर दिया है, लेकिन जाति जनगणना पर अभी रुख साफ नहीं किया है। वैसे इसकी उम्मीद भी नजर नहीं आ रही है। इन सौ दिनों में आज देश की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा मजबूत है। इकोनॉमी सभी 14 पैमानों पर खरी उतरी है। इकोनॉमी में रीढ़ दिखाई देती है, लेकिन अभी बहुत कुछ किया जाना शेष है। सबसे बड़ा मुद्दा तो खेती किसानी को फायदे का सौदा कैसे बनाया जाए, इस पर ध्यान देने की जरूरत है। बेरोजगारी पर भी तत्काल नकेल कसना बहुत जरूरी है। आम आदमी का जीवन स्तर ऊपर उठाने के लिए सरकार ने बहुत प्रयास किए हैं, लेकिन अभी बहुत कुछ किया जाना शेष है।



कृषि
डॉ. अश्विनी महाजन

# जीएम पर नीति बनाना आसान नहीं

**न्यायालय ने सरकार को जीएम पर एक नीति तैयार करने का निर्देश दिया है। किसी भी तरह से, एक ऐसा मुद्दा जिसने देश और दुनिया में पिछले 25 साल से भी अधिक समय से भारी बहस और गर्माहट पैदा की है, जहां विशेषज्ञ विभाजित हैं, लोग न केवल चिंतित हैं, बल्कि जीएम के दुष्प्रभावों के कारण डरे हुए हैं। जहां एक मजबूत नियामक तंत्र का पूर्ण अभाव है, जहां सर्वोच्च न्यायालय स्वयं नियामक तंत्र की कमी के कारण इस जीएम के पक्ष में निर्णय देने के लिए तैयार नहीं है, जीएमओ के मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए सुरक्षित होने के भी सबूत नहीं हैं, ऐसे में कम संभावना है कि सरकार 4 महीने में जीएम पर एक राष्ट्रीय नीति तैयार करने का यह कार्य पूरा कर पाएगी।**

हाल ही में, भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने भारत में आनुवंशिक रूप से संशोधित यानी जेनेटिक मोडिफाईड (जीएम) फसलों की व्यावसायिक खेती के संबंध में एक विभाजित निर्णय दिया। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने अनुमोदन प्रक्रिया में खामियों और पर्यावरण और स्वास्थ्य प्रभावों पर पर्याप्त विचार की कमी का हवाला देते हुए जीएम सरसों की व्यावसायिक बिक्री और पर्यावरण रिलीज के खिलाफ फैसला सुनाया। न्यायमूर्ति करोल ने फील्ड ट्रायल जारी रखने का समर्थन किया, लेकिन इस बात पर जोर दिया कि उन्हें सख्त सुरक्षा उपायों के साथ आगे बढ़ना चाहिए। जीएम फसलों की व्यावसायिक खेती के संबंध में यह मामला (सुमन सहाय और अरुणा रोड्रिग्स और अन्य बनाम भारत सरकार एवं अन्य) वर्ष 2004 से सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है, लेकिन जीएम फसलों के पैरोकार जीएमओ की व्यावसायिक रिलीज के लिए अदालत की मंजूरी अभी तक नहीं ले पाए।

इस मामले से एक नहीं, बल्कि कई विवादास्पद मुद्दे जुड़े हैं, जिन पर अदालत इतने लंबे समय से निष्कर्ष पर नहीं पहुंच पाई है। 23 जुलाई 2024 को सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिया गया विभाजित निर्णय एक बार फिर इस मामले की जटिलताओं को दर्शाता है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को निर्देश दिया कि वह इस नीति को तैयार करने के लिए 4 महीने के भीतर सभी हितधारकों और विशेषज्ञों से परामर्श करे। साथ ही पीठ ने मामले को उचित पीठ द्वारा आगे के निर्णय के लिए भारत के मुख्य न्यायाधीश के पास भेज दिया है। हालांकि न्यायालय ने सरकार को विभिन्न हितधारकों और विशेषज्ञों के साथ परामर्श के बाद 4 महीने के भीतर जीएम पर एक नीति तैयार करने का निर्देश दिया है। किसी भी तरह से, एक ऐसा मुद्दा जिसने देश और दुनिया में पिछले 25 साल से भी अधिक समय से भारी बहस और गर्माहट पैदा की है, जहां विशेषज्ञ विभाजित हैं, लोग न केवल चिंतित हैं, बल्कि जीएम के दुष्प्रभावों के कारण डरे हुए हैं। जहां एक मजबूत नियामक तंत्र का पूर्ण अभाव है, जहां सर्वोच्च न्यायालय स्वयं नियामक तंत्र की कमी के कारण इस जीएम के पक्ष में निर्णय देने के लिए तैयार नहीं है, जीएमओ के मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए सुरक्षित होने के भी सबूत नहीं हैं, यह बहुत कम संभावना है कि सरकार 4 महीने में जीएम पर एक राष्ट्रीय नीति तैयार करने का यह कार्य पूरा कर पाएगी।

यह पहली बार नहीं है कि जीएम फसलों के लिए परामर्श तंत्र अपनाया जा रहा है। इससे पहले, यूपीए सरकार के दौरान बीटी बैंगन के वाणिज्यिक विमोचन के संबंध में तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्री जयराम रमेश के साथ सार्वजनिक सुनवाई हुई थी। इन सार्वजनिक सुनवाई के अंत में, मंत्री जयराम रमेश ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए बीटी बैंगन के वाणिज्यिक रिलीज़ पर रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को हितधारकों और विशेषज्ञों के परामर्श आयोजित करने का निर्देश दिया है, महत्वपूर्ण सवाल यह है कि इन परामर्शों की संरचना क्या हो सकती है। ऐसे कई मुद्दे हैं जिन पर ये परामर्श हो सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट की तकनीकी विशेषज्ञ समिति द्वारा कई विवादास्पद मुद्दों को लंबे समय से सूचीबद्ध किया गया है, जो परामर्श प्रक्रिया का आधार बन सकते हैं और



निष्कर्ष पर पहुंचने में मदद कर सकते हैं। सबसे पहला मुद्दा, जिस पर विशेषज्ञों के बीच आम सहमति का अभाव है, वह जीएम फसलों की उच्च उत्पादकता का दावा है। सरकार का दावा है कि डीएमएच 11 को अपनाने से आयात पर निर्भरता कम करने और डीएमएच 11 की अधिक उत्पादकता के कारण किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिल सकती है। जबकि डीएमएच 11 के डेवलपर (अनुसंधानकर्ता) के अनुसार भी इसकी उत्पादकता 2200 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर से अधिक नहीं है, देश में सरसों की कई अन्य संकर किस्मों की अपेक्षित उपज 2500 किलोग्राम से 4000 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर तक है।

भारतीय सरसों और रेपसीड संस्थान के पूर्व निदेशक डॉ. धीरज सिंह के एक शोध पत्र के अनुसार, राजस्थान में किसानों द्वारा उगाई गई किस्मों आरएस 1706, आरएच 1424 और आरएच 725 की उत्पादकता क्रमशः 2613 किलोग्राम, 2604 किलोग्राम, 2642 किलोग्राम है। विवाद का दूसरा मुद्दा बौद्धिक संपदा अधिकारों का है। किसान संगठनों को चिंता है कि एक बार जीएमओ अपनाने के बाद, बीज पर बहुराष्ट्रीय कंपनियों का एकाधिकार हो जाएगा और किसानों पर बीजों पर रॉयल्टी के रूप में बोझ बढ़ जाएगा। उनकी आशंकाएं बेवजह नहीं हैं। हम देखते हैं कि किसानों को असफल बीटी कपास के बीज के लिए भी बहुत अधिक कीमत (लगभग 8000 करोड़ रुपये) चुकानी पड़ी, क्योंकि बीटी कपास के बीज की कीमत का एक बड़ा हिस्सा विशेषता शुल्क था। वर्तमान डीएमएच 11 बीज को, हालांकि स्वदेशी के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, उसमें भी बायर कंपनी की प्रौद्योगिकी के कुछ गुणों का उपयोग किया गया है, जिसके कारण बौद्धिक संपदा का विषय किसान हितों पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। तीसरा महत्वपूर्ण मुद्दा अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर उनका प्रभाव है। जबकि जीएम के समर्थक बिना किसी वैध तर्क के दावा करते हैं कि इससे आयातित खाद्य तेलों पर हमारी निर्भरता कम हो जाएगी (यदि डीएमएच11 को अनुमति दी जाती है), तथ्य यह है कि खाद्य फसलों में जीएम अपनाने के बाद हम अंतरराष्ट्रीय व्यापार में भी अपना लाभ खो सकते हैं। आज, हम, हमारे गैर जीएम टैग के कारण, लगभग 54 बिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य के खाद्य उत्पादों का निर्यात कर रहे हैं। एक बार जब खाद्य पदार्थों में जीएम की अनुमति दे दी जाती है, तो हम इस महत्वपूर्ण लाभ को खो देंगे, क्योंकि आयात करने वाले देश, जहां जीएम की अनुमति नहीं है, भारतीय खाद्य आयातों पर प्रतिबंध लगा सकते हैं।

चौथा विवादास्पद मुद्दा जीएम बीजों के भारतीय खाद्य और आयुर्वेद पर प्रभाव के बारे में है। जीएम फसलें खाद्य पदार्थों की उपलब्धता को बदल देती हैं, जो हमारे भोजन का आवश्यक हिस्सा हैं। पांचवां मुद्दा शाकनाशी सहिष्णुता है। यह उल्लेखनीय है कि लगभग 88 प्रतिशत जीएम फसलों को शाकनाशी (हरबिसाइड) सहनशील बनाया गया है। इसका मतलब है, जीएम फसलें आम तौर पर शाकनाशियों के उपयोग को बढ़ाती हैं, जिससे विषाक्तता बढ़ जाती है। लगभग सभी प्रमुख शाकनाशी कैंसरकारी साबित हुए हैं। कई अन्य बिंदु शामिल हैं, जिन पर विचार किए बिना हम इस विषय पर एक समझपूर्ण नीति बनाने के अपने कर्तव्य में विफल हो सकते हैं। इन मुद्दों में बीज संप्रभुता पर प्रभाव, जैव विविधता पर प्रभाव, उपभोक्ता संरक्षण और विकल्पों पर प्रभाव, खाद्य सुरक्षा, खाद्य संप्रभुता और पोषण सुरक्षा पर प्रभाव, स्वतंत्र परीक्षण का अभाव और खरपतवारनाशकों के प्रति सहनशील जीएमओ के उपयोग से संबंधित सामाजिक-आर्थिक विचार और मधुमक्खियों पर इनके दुष्प्रभाव शामिल हैं।

(लेखक पूर्व-प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## चेतना

उमेश चतुर्वेदी



# सांस्कृतिक संकट से मुकाबले की कवायद में वनवासी समाज

भारतीय जनजातीय समाज विकास की आधुनिक अवधारणा के हिसाब से पिछड़ा है, आधुनिक शिक्षा से दूर है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वह चेतन नहीं है और उसकी सोच पिछड़ी है। ज्ञान की आधुनिक अवधारणा के हिसाब से भले ही वह पिछड़ा है, लेकिन ऐसा नहीं कि वह समाज ज्ञानवान नहीं है। प्रकृति, अपनी संस्कृति और अपने परिवेश को लेकर जितना वह समाज सचेत है, शायद ही नागर समाज भी उतना हो। जनजातीय समाज के इन गुणों, विशेषताओं और आधुनिक समाज से उसके तालमेल को बढ़ाने में अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम 72 वर्षों से प्रयासरत है। आश्रम हर तीन वर्षों पर अखिल भारतीय स्तर पर कार्यकर्ता सम्मेलन करा रहा है। इसी कड़ी के तहत इस बार हरियाणा के समालखा में तीन दिनों के लिए जनजातीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हो रहा है, जो 20 से 22 सितंबर तक चलेगा। इस कुंभ में देशभर की सत्तर जनजातियों के करीब दो हजार प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। जिसमें हर इलाके की जनजातीय संस्कृति की झलक होगी। जनजातीय समूह किस तरह अपने जीवनयापन के लिए जल, जंगल और जमीन पर निर्भर है, इस कार्यकर्ता सम्मेलन में इसे भी प्रदर्शित किया जाएगा। जनजातीय समाज किस तरह भारतीय और विशेषकर सनातन पद्धति और परंपरा से जुड़ा हुआ है, उसे हर बार प्रदर्शित किया जाता है। लेकिन वनवासी कल्याण आश्रम का मानना है कि भारत आजकल सांस्कृतिक संकट के दौर से गुजर रहा है।

मौजूदा दौर में सांस्कृतिक स्तर पर आस्था पर लगातार संकट बढ़ रहा है। विशेषकर सनातनी आस्था पर चोट पहुंचाने और उसे दरकाने की कोशिश तेज हो गई है। आस्था की हानि संस्कृति की हानि है और संस्कृति की हानि पहचान की हानि है। इसका मतलब यह है कि आस्थाओं पर चोट पहुंचाकर विदेशी ताकतें भारतीय संस्कृति और पहचान पर चोट पहुंचा रही हैं। यही वजह है कि इस बार जनजातीय समाज के कार्यकर्ता सम्मेलन में इसी संकट को जताने-बताने और भारतीय समाज को इस संदर्भ में सचेत करने की कोशिश की जा रही है। बेशक पूरी दुनिया के हिंदू समाज में हर देवी-देवता के अपने विशेष पूजा-अर्चन विधान हैं। लेकिन यह भी सत्य है कि हर समाज ने इन पूजा विधानों में अपनी परंपरा विकसित कर ली है। हर इलाके में पूजा के लिए स्थानीय जरूरतों और मजबूरियों की वजह से अपने-अपने परिधानों की भी व्यवस्था बना ली है। स्थानीय प्रभाव में पूजा की स्थानीय स्तर पर उपलब्ध प्रसाद सामग्री के चयन का विधान भी है। कुछ इसी तरह देश के हर वनवासी समुदाय की अपनी-अपनी पूजा पद्धति है। एक तरह से ये पद्धतियां देश की बहुरंगी संस्कृति का प्रतीक हैं। समालखा के सम्मेलन के आखिरी दिन शाम को हर वनवासी समुदाय अपनी-अपनी पूजा पद्धतियों से अपने देवी-देवों की पूजा करेगा। करीब सत्तर समुदायों के लोगों की अपनी-अपनी पूजा पद्धतियों का एक साथ दर्शन वहां अलौकिक अनुभव का माध्यम बनेगा। एक तरह से कह सकते हैं कि जल, जंगल और जमीन से सीधे जुड़े सहज भावुक समाज की सज्जनता और पारंपरिक पूजा विधान एक तरह से अनूठे दृश्य रचने जा रहे हैं। सांस्कृतिक संकट से जूझने के लिए यह पूजा समारोह कितना महत्वपूर्ण है, इसी तथ्य से समझा जा सकता है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत भी इस पूजा समारोह में हिस्सा लेने वाले हैं। जनजातीय पूजा की एक विशेषता यह है कि वह निजी नहीं, बल्कि सामूहिकता पर ज्यादा जोर देती है। छत्तीसगढ़ के जशपुर से बहत्तर साल पहले वनवासी कल्याण आश्रम को बाला साहब देशपांडे ने जनजातीय समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ने और उनकी ज्ञान परंपरा और संस्कृति से दुनिया को परिचित कराने के साथ ही वनवासी समुदाय के सामूहिक नेतृत्व को उन्हीं के बीच से उभारने के लिए शुरू किया था। इस यात्रा में वनवासी कल्याण आश्रम ने जो बड़ा काम किया है, वह है धर्मांतरण पर लगाम लगाना। ईसाई मिशनरियों का वनवासी समाज सहज निशाना रहा है। आश्रम मिशनरियों के इस नापाक उद्देश्य की राह में बड़ी बाधा बनकर उभरा है। आश्रम ने जनजातीय समाज से ही नेतृत्व को उभारने की बड़ी कोशिश की है। वनवासी समाज की सर्वांगीण उन्नति हो, वह सुसंगठित हो, राष्ट्रीय एकता के भाव पुष्ट हो, उनमें से ही सुयोग्य नेतृत्व विकसित हो, अपने विकास कार्यों की देखरेख करें और वनवासी समाज की अपनी समस्याओं का समाधान खोजे, इस उद्देश्य को लेकर वनवासी कल्याण आश्रम करीब पचास हजार गांवों करीब 13 सौ पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं के दम पर जुटा हुआ है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# कथनी और करनी में न हो कोई अंतर



संकलित
## दर्शन

सभी के हित का ध्यान रखते हुए मनसा, वाचा, कर्मणा अपने दायित्वों का सम्यक रूप से निर्वाह करना कर्त्तव्य है। कर्त्तव्य का पालन यदि समुचित रूप से किया जाता है तो जीवन पूर्णतः गौरवान्वित बनता है। जो कर्त्तव्यनिष्ठ है। वह अपने करणीय कर्म के प्रति पूरी तरह से समर्पित होता है। वह परमार्थ पोषक एवं प्रामाणिक होता है। वह जैसा रहता है, वैसा ही करता भी है। ऐसी कथनी-करनी की एकरूपता से वह समाज में श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत करता है और प्रत्येक उससे प्रेरणाएं ग्रहण करता है। कर्त्तव्य परिपालन की बात करना और कर्त्तव्य परिपालन के नाम पर शोर-शराबा मचाना अलग बात है और कर्त्तव्यों के क्षेत्र में बिना किसी शोर-शराबे के समर्पित हो जाना अलग बात है। आज हम देखते हैं कि कर्त्तव्यों के परिपालन के लिए अक्सर लम्बे-चौड़े उपदेश दिये जाते हैं, पर जब कर्तव्य निर्वाह का अवसर आता है तो व्यक्ति दायें-बायें देखने लगता है। कटु सत्य तो यह है कि आज कर्त्तव्यों की चर्चा करने वाले लाखों हैं, पर कर्त्तव्यों के पावन पथ पर गतिशील होने वाले विरले ही हैं। कई बार मुझे चिंतन के क्षणों में लगता है कि आज व्यक्ति कर्त्तव्यों से विमुख हो गया है। इस विमुखता के कारण प्रत्येक क्षेत्र में अराजकता और अशांति का विस्तार हुआ है। कर्त्तव्यों के पावन क्षेत्र से भटककर कोई व्यक्ति कभी भी शांति का अहसास नहीं कर सकता। जीवन का गौरव और उसकी सार्थकता कर्त्तव्य पालन में ही है।

# कभी अपने बल पर घमंड न करें



संकलित
## प्रेरणा

महाभारत युद्ध में अर्जुन और कर्ण आमने-सामने थे। दोनों दिव्य अस्त्र-शस्त्रों से लड़ रहे थे। जब-जब अर्जुन के तीर कर्ण के रथ पर लग रहे थे तो कर्ण का रथ बहुत पीछे खिसक रहा था। दूसरी ओर जब-जब कर्ण के तीर अर्जुन के रथ पर लगते तो उसका रथ थोड़ा सा ही पीछे खिसकता था। ये देखकर अर्जुन को घमंड हो गया कि उसके बाणों में ज्यादा शक्ति है। अर्जुन ने ये बात श्रीकृष्ण से कही तो भगवान ने कहा कि तुम्हारे बाणों से ज्यादा शक्ति कर्ण के बाणों में है। भगवान की बात सुनकर अर्जुन ने कहा कि ये कैसे संभव है, मेरा रथ तो थोड़ा सा ही पीछे खिसक रहा है। श्रीकृष्ण ने कहा कि तुम्हारे रथ पर मैं स्वयं बैठा हूं, ऊपर ध्वजा पर हनुमान जी विराजित हैं, तुम्हारे रथ के पहिए को शेषनाग ने थाम रखा है। इतना होने के बाद भी कर्ण के बाण ये रथ पीछे खिसक रहा है तो इसका मतलब यही है कि उसके बाणों में ज्यादा शक्ति है। यदि ये न होता तो पता नहीं तुम्हारे रथ की क्या स्थिति होती। ये बात सुनकर अर्जुन को अपनी गलती का अहसास हो गया और उसका घमंड टूट गया। इस कथा में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को सीख दी है कि कभी अपनी शक्ति का घमंड न करें और शत्रु को कमजोर न समझें। यथा स्थिति का अच्छा से अवलोकन करे।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### ओजोन सुरक्षित तो हम सुरक्षित

ओजोन के संरक्षण के लिए ही 19 दिसंबर 1964 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 16 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय ओजोन दिवस मनाने की घोषणा की थी। संयुक्त राष्ट्र और दुनिया के लगभग 45 देशों ने ओजोन परत को खत्म करने वाले पदार्थों पर मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल पर 16 सितंबर 1987 को हस्ताक्षर किए थे। इसके बाद पहली बार 1995 को विश्व ओजोन दिवस मनाया गया और इसके बाद से हर साल यह दिन मनाया जाता है। कुदरत का अनमोल तोहफा स्वर्ग जैसी धरती और धरती के संरक्षण के लिए कुदरत ने बहुत कुछ हमें दिया है। इसी तोहफे में से एक है ओजोन परत। ओजोन परत का संरक्षण उसी तरह जरूरी है, जिस तरह हम बीमारियों से बचने के लिए अपने स्वास्थ्य की रक्षा करते हैं। *- चंदन साहू, दुर्ग*

## ट्रेंड

### पीएम आवास योजना



पीएम आवास योजना के लाभार्थियों के साथ चाय पर उनकी जीवन यात्रा को सुना। इस योजना से महिलाओं को लाभान्वित होते देख विशेष प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने बताया कि कैसे यह योजना और ऐसी अन्य योजनाएं जीवन बदल रही हैं।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### भारत का गौरव



एक छोटे से गांव के गरीब परिवार में जन्म लेकर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रधानमंत्री बनने वाले मोदी जी को 15 राष्ट्रों ने अपना सर्वोच्च पुरस्कार देकर उनका और भारत का गौरव बढ़ाया है।
**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### इस्तीफा देना पैंतरेबाजी



अरविन्द केजरीवाल द्वारा सीएम पद से अब इस्तीफा देना वास्तव में जनहित से दूर इनकी राजनीतिक पैंतरेबाजी, किन्तु उनके जेल में रहने के कारण दिल्ली की जनता ने जो असुविधाएं व समस्याएं झेली हैं उसका क्या? उसका हिसाब कौन देगा?
**-मायावती, बसपा सुप्रीमो**

### सिनेमा 2024 का जश्न



दर्शकों द्वारा पसंद किए जाने वाले जिन अभिनेताओं को दर्शक पसंद करते हैं, उन्हें बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रचना होगा। 18,19 व 20 सितंबर को व्हिस्लिंगवुड्स इंटरनेशनल में सिनेमा 2024 का जश्न मना रहा है।
**-सुभाष घई, फिल्म निर्देशक**

## करंट अफेयर

# भारत-अमेरिका संबंधों को लेकर चिंतित हैं चीन, रूस



अमेरिका के एक शीर्ष राजनयिक ने कहा कि चीन और रूस, भारत-अमेरिका के मजबूत होते संबंधों को लेकर चिंतित हैं क्योंकि ये संबंध समाज में विविध आवाजों को महत्व देने के साथ ही समावेशिता, शांति और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान को बढ़ावा देते हैं। प्रबंधन और संसाधन के उप विदेश मंत्री रिचर्ड वर्मा ने प्रतिष्ठित 'हडसन इंस्टीट्यूट' में भारत-अमेरिका संबंध पर टिप्पणियां करने के बाद एक सवाल पर कहा, 'आपको क्या लगता है कि चीन और रूस इस साझेदारी को लेकर इतने चिंतित क्यों हैं? क्योंकि हम दुनिया के बाकी हिस्सों में जीवन का ऐसा रूप पेश करते हैं, जो समावेशिता, शांति, विवादों के शांतिपूर्ण समाधान, कानून के शासन के बारे में है और यह समाज में हर किसी की आवाज सुनने के बारे में है।' वर्मा ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच संबंध अमेरिका के कुछ विरोधियों के तौर-तरीकों से 'बहुत अलग हैं।' उन्होंने कहा कि इसी विशिष्टता के कारण राष्ट्रपति जो बाइडन ने दोनों देशों के बीच रिश्तों को 'इस सदी का निर्णायक संबंध' बताया है। 'क्वाड' पर एक सवाल के जवाब में वर्मा ने कहा कि इसका उद्देश्य शांति, सुरक्षा, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देना है। अमेरिकी राजनयिक ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह समान विचारधारा वाले देशों के बारे में है।'

## ऑफ बीट

# दुनिया की आधी बड़ी झीलों में हो रहा पानी कम



दुनिया में 50 प्रतिशत से अधिक बड़ी झीलों में पानी की कमी हो रही है और इसकी प्रमुख वजहों में गर्म जलवायु और मानव उपभोग प्रमुख हैं। इस अध्ययन के प्रमुख लेखक अमेरिका के वर्जीनिया विश्वविद्यालय के फांगफैंग याओ हैं। याओ ने कहा कि यह अध्ययन उपग्रहों और 'मॉडल' की एक श्रृंखला के आधार पर दुनिया भर की झीलों में जल भंडारण में परिवर्तन के रुझानों पर पहला व्यापक आकलन है। कजाकिस्तान और उज्बेकिस्तान के बीच अरल सागर के सूखने जैसे पर्यावरणीय संकट के सामने आने के बाद याओ और उनके सहयोगियों ने यह अध्ययन किया। उनके सहयोगियों में अमेरिका के कोलोराडो बोल्डर विश्वविद्यालय और कंसास विश्वविद्यालय के अलावा फ्रांस और सऊदी अरब के अध्ययनकर्ता भी शामिल थे। अध्ययन दल ने दुनिया की करीब 2000 सबसे बड़ी झीलों तथा जलाशयों के जलस्तर में हुए बदलाव पर गौर किया। पृथ्वी पर कुल झील जल भंडारण का 95 प्रतिशत हिस्सा इन 2000 जलाशयों में है। अध्ययन दल ने 1992 से 2020 के बीच उपग्रहों द्वारा ली गयी करीब ढाई लाख तस्वीरों का उपयोग किया और इस तरीके से दल ने सबसे बड़ी झीलों में से 1,972 जलाशयों के क्षेत्र का सर्वेक्षण किया।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## खौफ था ऐसा कि लोग इनको देख कर छुपा लेते थे अपनी पत्नियां

# राज कपूर के साढ़ू भाई 'प्रेम' हैं बॉलीवुड के टॉप विलेन

*मुंबई। दशकों से बॉलीवुड फिल्मों में एक्टिव प्रेम चोपड़ा हिंदी सिनेमा जगत के फेमस विलेन रहे हैं। आखिरी बार वो फिल्म 'एनिमल'में दिखे थे। उनका भी एक जमाना था, जब वो स्क्रीन पर आते थे तो लोगों की रूह कांप जाती थी। वो अपनी एक्टिंग के दम पर हीरो पर भी भारी पड़ जाते थे। 60-70 दशक में इंडस्ट्री में उनका सिक्का चलता था। उनके साथ काम करने के लिए मेकर्स की लाइन लगी रहती थी। 'नाम प्रेम चोपड़ा, प्रेम चोपड़ा नाम है मेरा' जैसे डायलॉग से प्रेम चोपड़ा का करियर चल पड़ा था। ऐसे में आज के सिनेग्राम में उनके बारे में बता रहे हैं। वो राज कपूर के साथ रिश्तेदारी के साथ ही आपको उनसे जुड़े एक किस्से के बारे में बता रहे हैं, जब लोग उनसे अपनी पत्नियों को पीछे छुपा लेते थे।*

### असल जिंदगी में पड़े नेगेटिव प्रभाव

दरअसल, प्रेम चोपड़ा ने 60-70 दशक में इतनी फिल्मों में विलेन का रोल किया कि उनका करियर तो हिट रहा मगर इसकी नेगेटिव प्रभाव उनकी असल जिंदगी में पड़े। अधिकतर फिल्मों में प्रेम चोपड़ा के रेप सीन रहे, जिसकी वजह से लोगों में उनका काफी खौफ हो गया था। इसके बारे में प्रेम चोपड़ा ने खुद बताया था। एक बार वो जश्न-ए-रेख्ता प्रोग्राम में शामिल होने के लिए दिल्ली पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने जिंदगी के सफर के बारे में बात की थी। इस दौरान उनसे पूछा गया था कि उनके अभिनय की हर कोई तारीफ करता लेकिन, उनके किरदार कभी किसी को पसंद नहीं आए। इस पर प्रेम चोपड़ा ने बताया था कि वो इंडस्ट्री में हीरो बनने के लिए आए थे।



### हीरो के तौर पर नहीं रहे सफल

करियर की शुरुआत पंजाबी फिल्मों से की थी। हिंदी फिल्मों में आए तो हीरो के तौर पर सफल नहीं रहे। प्रेम चोपड़ा ने आगे बताया था कि बाद में उन्हें नेगेटिव भूमिका करने के लिए मिली तो उनका जादू चल पड़ा। इसी बीच उनसे सवाल किया गया था कि उनकी ऑनस्क्रीन नेगेटिव छवि को गंभीरता से लिया गया तो इस पर उन्होंने रिएक्शन देते हुए हामी भरी थी और कहा था कि ये कई बार होता था जब लोग उन्हें देखते ही अपनी पत्नियों को पीछे छुपा लेते थे। इससे एक्टर को काफी हैरानी होती थी।

### राज कपूर की पत्नी कृष्णा की बहन उमा से की थी शादी

ये तो था उनकी प्रोफेशनल लाइफ से जुड़ा किस्सा। इसके अलावा उनके बारे में एक और बात बहुत कम ही लोग जानते होंगे कि प्रेम चोपड़ा, राज कपूर के साढ़ू भाई हैं। जी हां, आपने सही पढ़ा। दरअसल, प्रेम चोपड़ा ने राज कपूर की पत्नी कृष्णा की बहन उमा से शादी की थी। इस रिश्ते से प्रेम चोपड़ा, राज कपूर के साढ़ू भाई हुए। उमा और कृष्णा बॉलीवुड एक्टर राजेंद्र नाथ और प्रेम नाथ की बहने हैं। उमा और प्रेम चोपड़ा की तीन बेटियां रकिता, पुनीता और प्रेरणा हैं। बहरहाल, अगर प्रेम चोपड़ा की फिल्मों की बात की जाए तो उन्होंने अपने करियर में 'शहीद' (1965), 'बॉबी' (1973), 'बेताब' (1983), 'गुप्त' (1997) और 'कोई मिल गया' (2003) समेत करीब 380 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है।

## 25 वर्षों में की कई सफल फिल्में...

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री करीना कपूर खान को सिनेमा में योगदान के लिए उनके नाम पर एक फिल्म फेस्टिवल की घोषणा की गई है। यह मल्टी-सिटी फिल्म फेस्टिवल अभिनेत्री के शानदार करियर को समर्पित होगा और बड़े पर्दे पर उनकी कुछ चुनिंदा फिल्में दिखाई जाएंगी। अभिनेत्री करीना कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर उनके लिए समर्पित फिल्म फेस्टिवल को लेकर उत्साह जताया। करीना ने कहा, 'मेरी रगों में खून, स्क्रीन पर जादू... मेरा काम जिसे मैं प्यार करती हूं... अंदर की आग... अगले 25 के लिए। इस खूबसूरत फेस्टिवल को क्यूरेट करने के लिए पीवीआर सिनेमा और आईनॉक्स को धन्यवाद। बहुत आभारी हूं।'करीना कपूर ने फिल्म फेस्टिवल का ट्रेलर भी साझा किया। इसमें करीना के किरदारों की क्लिप शामिल हैं, जिसमें 'जब वी मेट' की



गीत और 'कभी खुशी कभी गम' से 'पू' शामिल हैं। हाल ही में, करीना कपूर खान की फिल्म 'द बकिंघम मर्डर्स' सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। फिल्म में अपनी भूमिका के लिए करीना को खूब सराहना भी मिल रही है। इस फिल्म का निर्देशन हंसल मेहता ने किया है। करीना ने अपने करियर की शुरुआत साल 2000 में आई फिल्म 'रिफ्यूजी' से की थी।

## 'द ट्रेटर्स' शो की शूटिंग कर रहे हैं करण जौहर...

मुंबई। करण जौहर अपने आगामी शो 'द ट्रेटर्स' की शूटिंग में बिजी हैं। इस शो के लिए जैसलमेर में शूटिंग हो रही है। अमेरिकन शो की तर्ज पर ये इंडियन शो बनाया जा रहा है। इस शो को लेकर पहले चर्चा हो रही थी, अब करण



जौहर ने इस शो को लेकर ऑफिशियल अनाउंसमेंट की है। 'द ट्रेटर्स' शो प्राइम वीडियो पर देखा जा सकता है। फोटो शेयर कर उन्होंने लिखा, 'यह बहुत ही खतरनाक है, आप एक आंख खुली रखकर सोएंगे। करण जौहर की इस पोस्ट पर प्रशंसकों ने कमेंट किया है। क्या वेब सीरीज आ रही है?' दूसरे फैन ने कमेंट किया, 'बदला लेने का समय आ गया है चलो चलते हैं यार!' जबकि तीसरे फैन ने कहा, 'शुभकामनाएं! देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकता। यह कब रिलीज होने जा रही है? करण जौहर को शूटिंग के लिए अगले दो हफ्ते तक जैसलमेर में रहना है। शो में 10 कंटेस्टेंट शामिल होंगे। प्रतियोगियों को खेल में बने रहने के लिए कई कार्य करने होंगे, लेकिन प्रतियोगिता में जोश बरकरार रखने के लिए कई उतार-चढ़ाव होंगे। शो को लेकर यह भी खुलासा किया गया है कि इस शो में करण कुंद्रा, राज कुंद्रा, रफ्तार, उर्फी जावेद भी शामिल होने वाले हैं। हालांकि, इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं है।

## 10 साल पहले ठुकरा दी थी शाहरुख की फिल्म

**मुंबई।** अभिनेत्री नयनतारा अपनी फिल्मों और निजी जिंदगी को लेकर अक्सर चर्चा में रहती हैं। उन्होंने फिल्म 'जवान' से बॉलीवुड में डेब्यू



किया था। फिल्म 'जवान' से पहले उन्हें हिंदी फिल्म में काम करने का मौका मिला था, जिसे अभिनेत्री ने नकार दिया था। खास बात यह है कि इस फिल्म में भी उन्हें शाहरुख खान के साथ ही काम करने का मौका मिला था। इस फिल्म के ठीक 10 साल बाद ही नयनतारा ने शाहरुख खान के साथ बॉलीवुड में डेब्यू किया है। रोहित शेट्टी ने खुद फिल्म 'चेन्नई सुपर किंग्स' के लिए नयनतारा को ऑफर दिया था। इस ऑफर को नयनतारा ने नकार दिया था। फिल्म के गाने 'एक दो तीन चार' में कुछ खास सीन करने के लिए नयनतारा को रोहित शेट्टी ने यह ऑफर दिया था। नयनतारा के मना करने के बाद रोहित शेट्टी ने प्रियमणि को कास्ट किया था।

## टीवी मसाला



## अमिताभ ने गाया परदेसिया... सोनू-श्रेया के साथ मिलाए सुर

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी 16) के मंच पर अपनी गायकी का जलवा बिखेरेंगे। बॉलीवुड के सुपरस्टार अपने शो में गायक सोनू निगम और श्रेया घोषाल को होस्ट करेंगे और इसका एक प्रोमो जारी किया गया है। प्रोमो में, सोनू और श्रेया ने मंच पर उनकी फिल्म मिस्टर नटवरलाल का एक हिट गाना 'परदेसिया' गाया। इस प्रोमो में आप देख सकते हैं कि अमिताभ भी सोनू और श्रेया के साथ सुर मिलाते नजर आ रहे हैं। यह वीडियो केबीसी का है। हालंकि, अभी एपिसोड का प्रोमो आया है पूरा एपिसोड 20 सितंबर की रात 9 बजे सोनी एंटरटेनमेंट टेलिविजन पर आएगा। मिस्टर नटवरलाल 1979 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन और रेखा ने मुख्य भूमिकाएं निभाई थीं और यह उस साल की सबसे लोकप्रिय फिल्मों में से एक थी। केबीसी के प्रोमो में, सोनू ने बिग बी को अपने साथ गाने के लिए बुलाया और अभिनेता ने बिना किसी देरी के दोनों सिंगर्स को ज्वाइन किया, जब अमिताभ गाने गा रहे थे, तब सोनू ने उनके लिए माइक थामा। दर्शकों और श्रेया ने उनका उत्साह बढ़ाया।










## जैकेट के शेष

### पहले दिन 400....

स्थल ले जाते दिखे। सुबह 6 बजे से देर शाम तक विसर्जन कुंड में श्रद्धालुओं द्वारा 4 हजार छोटी और 350 बड़ी मूर्तियों का विसर्जन 11 पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ किया गया। गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ, एक दो तीन चार, गणेश जी की जय-जयकार के जयकारों की गूंज शहर के गली मोहल्लों से लेकर चौराहों में सुबह से देर शाम तक सुनने को मिली। इस दौरान बप्पा के भक्त अपने ईष्टदेव को सम्मान के साथ विसर्जन के लिए ले जाते हुए दिखे। घरों व पंडालों में स्थापित की गई सिद्धि विनायक की आकर्षक मूर्तियों को विदाई देते समय उत्साह के साथ पटाखे भी फोड़े और गाजे-बाजे के साथ प्रथम पूज्य देव को उत्साहमय माहौल में विदा किया। मूर्ति विसर्जन करने परिवार के साथ महादेवघाट के विसर्जन कुंड स्थल पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। विसर्जन कुंड में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए छोटी व बड़ी प्रतिमाओं का सम्मानपूर्वक विसर्जन करने क्रेन व रोलिंग मशीन की व्यवस्था की गई है। वहां पूजा अर्चना और आरती के बाद शहर के कोने-कोने से लोग अनंत चतुर्दशी पर्व पर विदाई देने जुटे। महादेवघाट के विसर्जन कुंड में मंगलवार सुबह 6 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक श्रद्धालुओं द्वारा करीब 4 हजार छोटी मूर्तियों और 350 बड़ी गणेश मूर्तियों का विसर्जन किया गया। विसर्जन का यह सिलसिला नगर निगम के सभी दस जोन में स्थित तालाब किनारे अस्थायी रूप से बनाये विसर्जन कुंड में चलता रहा।

### 5 लोकेशन में ....

लगाये हैं, ताकि विसर्जन झांकी के दौरान पल-पल की घटना पर नजर रखी जा सके। ये कैमरे लाखे नगर चौक, सुंदरनगर चौक, डीडीनगर थाना के पास रायपुर चौक, महादेवघाट में लक्ष्मण झूला के पास और घाट के पास मुख्य सड़क पर लगाये गये है।

### पितृ पक्ष के पहले ....

दुर्लभ शिववास योग समेत कई मंगलकारी शुभ संयोग बन रहे हैं। इन योग में पितरों का तर्पण करने से व्यक्ति को अक्षय फल की प्राप्ति होगी। इसके साथ ही व्यक्ति पर पितरों का भी आशीर्वाद प्राप्त होगा। पितृ पक्ष के पहले दिन सुबह 8 बजकर 5 मिनट से शिववास योग का निर्माण हो रहा है। इस योग का समापन 19 सितंबर को सुबह 4 बजकर 19 मिनट पर होगा। अर्थात संपूर्ण दिवस यह योग रहेगा। माना जाता है कि इस योग के दौरान देवों के देव महादेव कैलाश पर मां गौरी के साथ विराजमान रहेंगे। इस दौरान पितरों का तर्पण करने से पूर्वजों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। पितृ पक्ष का समापन 2 अक्टूबर बुधवार को अमावस्या के दिन होगा। उस दिन श्राद्ध की अमावस्या होगी।

### 4 घंटे 6 मिनट ...

सामान्य दिनों की तरह पूजा-अर्चना की जा सकेगी।

### पूर्वाभाद्रपद और उत्तराभाद्रपद ....

6 मिनट तक रहेगा। गोधूलि मुहूर्त शाम 6 बजकर 22 मिनट से 6 बजकर 46 मिनट तक तथा निशिता म ुहूर्त रात्रि 11 बजकर 52 मिनट से 12 बजकर 39 मिनट तक रहेगा।

### फिलिस्तीन का झंडा ....

मांग की। पुलिस ने मामला दर्ज कर झंडा फहराने वाले 5 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इधर, एसपी ने तारबाहर टीआई को लाइन अटैच कर दिया है। 16 सितंबर को शहर में त्यौहार का जश्न मनाया जा रहा था। इसी दौरान तारबाहर खुदीराम बोस चौक में फिलिस्तीन के 5 झंडे फहराए गए। सोशल मीडिया में इसका वीडियो वायरल हुआ, उसके बाद शहर में हड़कंप मच गया। 17 सितंबर को हिन्दू संगठन के लोगों ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर तारबाहर थाने का घेराव कर जमकर हंगामा मचाया। संगठन के लोगों ने झंडा फहराने वालों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी करने की मांग की। पुलिस अधिकारियों ने मामले में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया।

**जुर्म दर्ज, 5 युवक गिरफ्तार** : तारबाहर थाने में यतिन्द्र नाथ मिश्र ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने रिपोर्ट पर पांच युवकों के खिलाफ सौहार्द्र बिगाड़ने पर बीएनएस की धारा 197,2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। टीआई जेपी गुप्ता ने बताया कि आरोपी तारबाहर निवासी शेख समीर बक्श20 साल, फीदेल खान 24 साल, मोहम्मद शोएब 23 साल, शेख अजीम 19 साल, शेख समीर 22 साल को गिरफ्तार कर पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

**गुप्ता बने तारबाहर टीआई** : सोमवार की रात से सोशल मीडिया में फिलिस्तीन का झंडा फहराने का मामला गरमाने के बाद मंगलवार को सुबह एसपी रजनेश सिंह ने तारबाहर टीआई गोपाल सतपथी को लाइन अटैच कर दिया है। पुलिस लाइन में पदस्थ टीआई जेपी गुप्ता को तारबाहर टीआई बनाया गया है। एसपी के निर्देश पर छठघाट में गणेश विसर्जन ड्यूटी कर रहे टीआई गुप्ता ने तत्काल तारबाहर थाने पहुंचकर चार्ज ले लिया है। ज्ञात हो कि पुराना बस स्टैण्ड में युवक की गला रेतकर हत्या के मामले में आरोपी की गिरफ्तारी में लेटलतीफी व फरारी के दौरान आरोपी युवक के द्वारा दो लोगों पर चाकू से हमला कर देने व क्षेत्र के एक बार में मारपीट, महिमा चौक में युवकों द्वारा गुंडागर्दी कर दो भाइयों के साथ मारपीट के मामले को लेकर टीआई सतपथी का हटना तय हो गया था। बहरहाल आदेश में प्रशासनिक दृष्टिकोण से तबादला करना बताया गया है।

### अब हो रही ....

गांव को आरोपी बना दिया है। सूत्रों ने बताया कि इस घटना को लेकर 14 सितंबर को ही पुलिस थाने में मौखिक शिकायत की गई थी। हालांकि इस मामले को लेकर थाना कोंटा के प्रभारी ने हिदायत देते हुए मामले को देखकर जाने की सलाह दी थी। इस बात की जानकारी ग्रामीणों को उसी दिन लग गई थी कि पूरे गांव की शिकायत थाने में कर दी गई है। वहीं इसी बात को लेकर गांव वाले मौसम बुच्चा से खफा हो गए और 15 सितंबर को इतनी बड़ी घटना को अंजाम दे दिया गया।

**वर्ष 2012-13 में संघम सदस्यों ने की थी ग्रामीणों की पिटाई** : ग्राम इतकल का जादू-टोना को लेकर पुराना संबंध रहा है। हरिभूमि की टीम जब ग्राम इतकल पहुंची तो पीड़ति परिवार के परिजनों ने बताया कि वर्ष 2012-13 में जादू टोना जैसे मामले को लेकर मौसम परिवार पर आरोप प्रत्यारोप हुआ था। जुडूम के दौरान इस बात को लेकर मामला नक्सलियों तक पहुंचा था। तब क्षेत्र के संघम सदस्यों ने गांव के कुछ लोगों की पिटाई भी की थी। साथ ही चेतावनी देते हुए झूठा आरोप न लगाने की बात कही थी।

**आरोपियों में 1 महिला की गिरफ्तारी** : थाना कोंटा अंतर्गत ग्राम एतकल में एक ही परिवार के 5 लोगों की हत्या आरोपियों द्वारा जादू-टोना के शक में लाठी, डण्डा से पीट-पीटकर घटना को अंजाम दिया गया था। घटना के संबंध में थाना कोंटा में अपराध क्रमांक 20/2024 धारा 191 (2), 191 (3), 190, 103 (1), 296, 351 (2) भारतीय न्याय संहिता, छ.ग. धारा 4, 5 टोनही प्रताड़ना अधिनियम 2005 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना के अपराध कायमी के पश्चात तत्काल 5 आरोपी सवलम राजेश पिता सवलम कन्ना (21), सवलम हिरमा पिता सवलम लच्छा, कारम सतेम पिता कारम रामा (35), कुंजाम मुकेश पिता कुंजाम कन्ना (28) एवं पोड़ियाम एंका पिता पोड़ियाम जोगा सभी ग्राम एतकल थाना कोंटा जिला सुकमा को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण की विवेचना में चश्मदीद गवाह स्वतंत्र साक्षी एवं आरोपियों के मेमोरेण्डम के आधार पर घटना में शामिल अन्य 1 महिला सहित कुल 12 आरोपी पोड़ियम कन्नी पति पोड़ियाम जोगा (45), मड़कम सीता पिता लोकेन्द्र (25), संतोष पोड़ियाम पिता जोगा (23), कुंजाम कन्ना पिता विरा (48), सवलम रंगा पिता स्व. लच्छा (30), सवलम पोदिया पिता स्व.लच्छा (30), सवलम गंगा पिता स्व लच्छा (29), कारम रामकृष्ण पिता कारम सुब्बा (31), कुंजाम एंका पिता कुंजाम कन्ना (25), सोयम श्रीनु पिता स्व. कन्ना (30), कुंजाम भीमा पिता वीरा (25) एवं पोड़ियाम जोगा पिता स्व. बुच्चा (50), सभी निवासी ग्राम एतकल थाना कोंटा जिला सुकमा को गिरफ्तार किया गया। घटना में शामिल अब तक 1 महिला सहित कुल 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। घटना में प्रयुक्त लाठी, डण्डा को जब्त किया गया है। **केदार ने कहा-अब बच्चों की परवरिश करेगी सरकार** : इतकल की घटना में अपने दादा, दादी, मम्मी, पापा व बुआ को खोने वाले दो बच्चों को लेकर सरकार ने गंभीरता दिखाई है। प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए कहा कि समाज में इस तरह का कृत्य क्षम्य नहीं है। इस घटना में पालकों का साया खोने वाले दोनों बच्चों का पालन पोषण के साथ साथ संपूर्ण शैक्षणिक खर्चों को सरकार उठाएगी।

# विदेश, कृषि, शिक्षा और ग्रामीण विकास की संसदीय स्थायी समिति की अध्यक्षता की मिली कमान

## कांग्रेस का दबाव रंग लाया

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

आखिरकार कांग्रेस का दबाव काम आया। विभिन्न मंत्रालयों की संसदीय स्थायी समिति की अध्यक्षता के लिए खींचतान का अंत करते हुए कांग्रेस के हिस्से विदेश मंत्रालय सहित चार मंत्रालयों की अध्यक्षता आई है। अभी इसकी औपचारिक घोषणा नहीं हुई है, मगर माना जा रहा है कि जल्द ही इसकी घोषणा लोकसभा सचिवालय से की जाएगी। कांग्रेस की ओर से गृह, रक्षा, विदेश और वित्त जैसे मंत्रालय मांगे जा रहे थे। जिसको लेकर 'हिच' जारी थी।

कांग्रेस पार्टी को कुल चार संसदीय स्थायी समितियों की अध्यक्षता देने पर सहमति बनी है। तीन लोकसभा से तो एक राज्यसभा की समिति कांग्रेस के पास होगी। सत्ता प्रतिष्ठान के विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस पार्टी की ओर से लोकसभा में संसदीय दल के उपनेता गौरव गोगोई और राज्यसभा से जयराम रमेश संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू और राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल के साथ बातचीत कर ये तय किया है कि कांग्रेस के हिस्से विदेश, कृषि और ग्रामीण विकास मंत्रालय के संसदीय स्थायी की अध्यक्षता रहेगी जब कि राज्यसभा के कोटे से शिक्षा मंत्रालय के कामकाज का ऑडिट करने की भी जिम्मेदारी बतौर स्थायी समिति अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी के किसी वरिष्ठ सांसद के पास होगी, जिसे भी पार्टी मनोनीत करे।

### लंबे समय से चल रही थी रस्साकशी

लंबे समय से स्थायी समिति की अध्यक्षता पर चल रही रस्साकशी की वजह से ही दो संसदीय सत्र बीत जाने के बाद भी इसका गठन नहीं हो पाया था। गत 27 अगस्त को राज्यसभा में तणमूल कांग्रेस संसदीय दल के नेता डेरेक ओ ब्रॉयन ने पत्र लिखकर उच्चसदन में नेता जेपी नड्डा से आग्रह किया था कि जल्द से जल्द स्थायी समितियों का गठन किया जाना चाहिए। सूत्रों ने बताया कि एक स्थायी समिति की अध्यक्षता तृणमूल कांग्रेस को भी दी जानी है लेकिन पश्चिम बंगाल में चल रहे 'अनरेस्ट' की वजह से पार्टी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की ओर से ठोस संवाद स्थापित नहीं हो पाया है। उनकी तरफ से हरी झंडी मिलते हुए स्थायी समितियों का औपचारिक एलान कर दिया जाएगा। विपक्षी दलों में शामिल समाजवादी पार्टी और डीएमके को भी एक एक स्थायी समिति की अध्यक्षता मिलनी है।

### पब्लिक एकाउंटस कमेटी का गठन

संबंधित मंत्रालयों के कामकाज पर नजर रखने, समय समय पर उचित सलाह देने के लिए लोकसभा कोटे से 16 और राज्यसभा के कोटे से 8 संसदीय स्थायी समितियों का गठन किया जाना है। ये बात अलग है कि दोनों ही सदनों की स्थायी समितियों में दोनों ही सदन के सांसदों को शामिल किया जाता है, बस संबंधित समितियों की अध्यक्षता कोटे वाले सदन के सांसद को आवंटित की जाती है। अभी तक महत्वपूर्ण माने जाने वाली पब्लिक एकाउंटस कमेटी का गठन किया गया है। तय परिपाटी के अनुसार पीएसी की अध्यक्षता विपक्ष के सांसद को दी जाती है इसीलिए इसकी कमान कांग्रेस के केसी वेणुगोपाल के पास है। पीएसी फिलहाल सेबी के कामकाज की समीक्षा कर रही है। भाजपा के सांसद गणेश सिंह को अन्य पिछडा वर्ग कल्याण संबंधी संसदीय स्थायी समिति की अध्यक्षता दी गई जब कि संजय जायसवाल को एस्टीमेट कमेटी, वैजंत पांडा को पब्लिक अंडरटेकिंग्स और भाजपा के ही फग्गन सिंह कुलस्ते को अनूसचित जाति, जनजाति कल्याण संबंधी स्थायी समिति की अध्यक्षता सौंपी गई है।

## इमरान पर नहीं चलेगा सैन्य मुकदमा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने यहां उच्च न्यायालय को सूचित किया है कि जेल में बंद पूर्व



प्रधानमंत्री इमरान खान पर सैन्य मुकदमे का विचार नहीं है। इससे कुछ दिन पहले ही अदालत ने इस मुद्दे पर अनिश्चितता को लेकर सरकार से स्पष्टीकरण देने को कहा था। खान (71) ने 9 मई, 2023 की हिंसा में शामिल होने को लेकर उनके खिलाफ दर्ज मामलों के संबंध में सैन्य मुकदमे की संभावना के खिलाफ इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। पिछले साल हुई इस हिंसा में उनकी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के समर्थकों ने उनकी गिरफ्तारी के बाद कथित तौर पर सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला किया था। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने पिछले सप्ताह सरकार से पूछा था कि इस मुद्दे पर बनी

# नहीं मिलेगा अब डेली अलाउंस, सैलरी भत्ते आधे, सुविधाओं में भी कटौती

## सीएम कुर्सी छोड़ चुके केजरीवाल के लिए बदल जाएंगी कई चीजें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली में अब आतिशी मुख्यमंत्री हैं। मंगलवार को आम आदमी पार्टी की विधायक दल की बैठक में आतिशी को अगला मुख्यमंत्री बनाने का फैसला लिया गया। 15 सितंबर को अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने का ऐलान कर दिया था। केजरीवाल महज विधायक रह जाएंगे। मुख्यमंत्री पद से



हटने के बाद केजरीवाल को मिलने वाली सैलरी और भत्ते भी कम हो जाएंगे। इसके साथ उनकी कुछ सुविधाओं में कटौती हो जाएगी। केजरीवाल को अब 1.70 लाख रुपये की जगह हर महीने 90 हजार रुपये ही मिलेंगे। उन्हें डेली अलाउंस भी नहीं मिलेगा। सीधा-सीधा मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद उनको हर महीने वाली सैलरी और भत्ते लगभग आधे हो जाएंगे।

**यह सुविधाएं भी जाएंगी** : दिल्ली सरकार के मंत्रियों और मुख्यमंत्री को हर महीने चौपर और सरकारी गाड़ी की सुविधा भी मिलती है। सरकारी गाड़ी में हर महीने 700 लीटर पेट्रोल फ्री रहता है। अगर मुख्यमंत्री अपनी निजी गाड़ी का इस्तेमाल करते हैं तो उन्हें हर महीने 10 हजार रुपये का भत्ता मिलता है। जबकि, विधायकों को ऐसी सुविधा नहीं मिलती. हालांकि, उन्हें हर महीने 10 हजार रुपये का भत्ता मिलता है। इसके अलावा, मुख्यमंत्री अपने कार्यकाल में किसी भी वक्त 12 लाख रुपये तक का लोन ले सकते हैं। ये लोन उन्हें गाड़ी खरीदने के लिए मिलता है। जबकि, विधायकों को 8 लाख रुपये तक का लोन ही मिलता है। मुख्यमंत्री को हर महीने पांच हजार यूनिट तक की बिजली फ्री मिलती है। जबकि, विधायकों हर महीने 4 हजार रुपये तक का बिजली और पानी फ्री में इस्तेमाल कर सकते हैं।

### मिलती रहेंगी ये सुविधाएं

केजरीवाल भले ही अब मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे, लेकिन एक विधायक के तौर पर उनकी ये सुविधाएं अब भी जारी रहेंगी। उन्हें अब भी हर महीने 30 हजार रुपये डेटा एंट्री ऑपरेटर की सैलरी के लिए मिलेंगे। मुख्यमंत्री और विधायक अपने दफ्तर में डेटा एंट्री ऑपरेटर रखते हैं, जिसकी सैलरी सरकारी खर्च से ही आती है। इसके अलावा, दिल्ली में सभी विधायकों, मंत्रियों और मुख्यमंत्री को सालाना 1 लाख रुपये तक की यात्रा की सुविधा मिलती है। विधायक, मंत्री और मुख्यमंत्री और उनका परिवार सालाना देशभर में 1 लाख रुपये तक की यात्रा कर सकता है।

## पेज एक के शेष

### जुगराज के गोल...

हरमनप्रीत सिंह की टीम के लिये यह मुकाबला कतई आसान नहीं था। पहले तीन क्वार्टर में चीनी डिफेंडरों ने भारत को गोल करने का कोई मौका नहीं दिया। पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम के लिये 51वें मिनट में जुगराज ने गोल किया। चीन दूसरी बार ही किसी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट का फाइनल खेल रहा था। इससे पहले उसने एशियाई खेल 2006 फाइनल खेला था जिसमें उसने कोरिया ने 3.1 से हराया ~~था। इ~~इससे पहले पाकिस्तान ने कोरिया को 5.2 से हराकर छह टीमों के टूर्नामेंट में तीसरा स्थान हासिल किया। खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में उतरी भारतीय टीम ने पहले लीग मैच में चीन को 3.0 से हराया था लेकिन फाइनल मुकाबला काफी कठिन रहा। पहले दो क्वार्टर में भारत ने गोल करने के कई मौके बनाये लेकिन चीन भी जवाबी हमले में पीछे नहीं था। राजकुमार पाल ने पहला हमला बोला जिसे चीन के गोलकीपर वांग वेइहाओ ने बचा लिया। राजकुमार ने दसवें मिनट में भारत को पहला पेनल्टी कॉर्नर दिलाया लेकिन हरमनप्रीत सिंह गोल नहीं कर सके। दो मिनट बाद नीलाकांता शर्मा का शॉट वांग ने बचाया और अगले मिनट सुखजीत सिंह को गोल नहीं करने दिया। पहले क्वार्टर से कुछ सेकंड पहले भारत ने पेनल्टी कॉर्नर गंवाया लेकिन कृशन बहादुर पाठक गोल के सामने मुस्तैद थे। दूसरे क्वार्टर में भी कहानी यही रही जब गेंद पर नियंत्रण में भारत ने बाजी मारी लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। भारत को 27वें मिनट में सुखजीत ने पेनल्टी कॉर्नर दिलाया लेकिन हरमनप्रीत का शॉट गोलपोस्ट से टकरा गया। दूसरे हाफ में चीनी फारवर्ड पंक्ति ने लगातार हमले बोले और 38वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर बनाया लेकिन भारतीय डिफेंस चौकस था। चीन को 40वें मिनट में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले जिन पर भारतीय गोलकीपर पाठक ने गोल नहीं होने दिया।

**भारत को 4 पेनल्टी कॉर्नर** : मैच का एकमात्र गोल 51वें मिनट में जुगराज सिंह ने किया। चीन की टीम चार क्वार्टर के बाद भी गोल नहीं कर पाई। भारत को 4 जबकि चीन को 5 पेनल्टी कॉर्नर मिला। लेकिन दोनों टीम इसे गोल में तब्दील न कर सकी। इससे पहले तीसरे प्लेस के लिए हुए मुकाबले में पाकिस्तान ने साउथ कोरिया को 5-2 से हरा दिया।

### 'बुलडोजर न्याय' पर...

जनरल तुषार मेहता ने पीठ को बताया कि संपत्तियों के ध्वस्त करने का विमर्श गढ़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत के समक्ष एक याचिका दायर की गई थी जिसमें आरोप लगाया गया था कि चूंकि वह व्यक्ति एक विशेष धर्म से संबंधित था, इसलिए उसकी संपत्ति को ध्वस्त कर दिया गया। विधि अधिकारी ने कहा, उन्हें आपके ध्यान में ध्वस्तीकरण का एक ऐसा मामला लाना चाहिए जहां कानून का पालन नहीं किया गया हो।

### दरिमा एयरपोर्ट पर...

द्वारा दिए गए रिपोर्ट के आधार पर आने वाले दिनों में रूट का निर्धारण किया जाएगा और उसके बाद टिकट काउंटर शुरू हो जाएंगे। संभावना जताई जा रही है कि अक्टूबर के महीने में सरगुजा से उड़ान सेवाएं शुरू हो जाएंगी। बता दें कि दरिमा स्थित मां महामाया एयरपोर्ट से घरेलु उड़ान सेवा शुरू करने को लेकर वर्षों से प्रयास किए जा रहे है लेकिन 2017 में इसे उड़ान योजना के तहत शामिल कर राशि की स्वीकृति दी गई थी और उसके बाद एयरपोर्ट में टर्मिनल भवन, रनवे, एटीसी टावर सहित अन्य निर्माण कार्य 20 सीटर विमान के हिसाब से कराए गए थे लेकिन बाद में पुनः भारत सरकार द्वारा इस एयरपोर्ट से 72 सीटर विमानों के उड़ान की योजना बनाई गई और भारत सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा जारी की गई 47 करोड़ रुपए की राशि से रनवे की लम्बाई में वृद्धि करने के साथ ही इसकी क्षमता में विस्तार किया गया इसके साथ ही टर्निमल भवन में भी विस्तार किया गया। एयरपोर्ट का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद डीजीसीए के साथ ही बीसीएएस की टीम लगातार एयरपोर्ट का निरीक्षण करती रही और कमियों को दूर किया गया। बीसीएएस की टीम 14 मार्च को सरगुजा पहुंची थी। इस दौरान टीम ने एयरपोर्ट में सभी सुरक्षा मानकों का जायजा लिया और अंतिम रिपोर्ट डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) को दी थी। बीसीएएस द्वारा दी गई हरीझंडी के बाद 15 मार्च को डीजीसीए द्वारा अंबिकापुर के दरिमा स्थित मां महामाया एयरपोर्ट को नियमित उड़ानों के लिए लाइसेंस जारी कियाया गया था जिसके बाद से ही हवाई सेवा शुरू होने को लेकर इंतजार किया जा रहा था।

**रूट निर्धारण का इंतजार**: संभावना जताई जा रही है कि एलायंस एयर को ही सरगुजा में हवाई सेवा शुरू करने की अनुमति मिलेगी। इस बीच रूट निर्धारण को लेकर मामला रुका हुआ है। संभावना जताई जा रही है कि रायपुर, दिल्ली और बनारस के बीच विमान का संचालन होगा। रूट निर्धारण के बाद कंपनी अपना टिकट काउंटर खोलेगी जिसके बाद हवाई सेवा शुरू की जाएगी। इस प्रक्रिया में 15 से 20 दिन लगने की संभावना है।

**औद्योगिकीकरण, व्यवसाय और पर्यटन की संभावनाएं: सिंहदेव** : पूर्व उपमुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव ने कहा कि अंबिकापुर में हवाई सेवाओं के प्रारंभ हो जाने से इन संभावनाओं को काफी बल मिलेगा। अलायंस एयर की इस सेकेंड टेस्टिंग फ्लाइट के बाद अम्बिकापुर से शिघ्र नियमित विमान सेवा प्रारंभ होने की उम्मीद है। उन्होंने अम्बिकापुर से रायपुर, वाराणसी और नई दिल्ली के लिए नियमित उड़ान का सुझाव दिया है। पूर्व डिप्टी सीएम की तरफ से मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व जिपं पूर्व उपाध्यक्ष राकेश गुप्ता के नेतृत्व में कांग्रेस की टीम ने एयरपोर्ट पहुंचकर एयरपोर्ट डायरेक्टर को बधाई दी।

### एलायंस एयर ने...

दरिमा स्थित मां महामाया एयरपोर्ट में एलायंस एयर के विमान की सफल लैंडिंग कराई है। एलायंस एयर के 72 सीटर विमान ने दोपहर 2.50 बजे नवनिर्मित एयरपोर्ट के रनवे पर लैंडिंग की जबकि पुनः 3.10 बजे विमान ने रनवे से सफल उड़ान भरी। इस दौरान एयरपोर्ट में मौजूद एयरपोर्ट डायरेक्टर सुशील श्रीवास्तव, सेफ्टी ऑफिसर शेख जहीर व अन्य अधिकारियों ने विमान का स्वागत किया।

### दो साल में कूनो...

साल पहले इस परियोजना के तहत अफ्रीका महाद्वीप से दो बैच में कुल 20 चीते लाए गए थे। पहले बैच में नामीबिया से 8 और दूसरे बैच में दक्षिण अफ्रीका से 12 चीते लाए गए थे। इनमें से नामीबिया से लाए गए 8 में से 4 और दक्षिण अफ्रीका से लाए गए 12 में से 4 चीतों की मौत हो गई। इसके बाद बाकी बचे हुए चीतों की संख्या 12 हो गई है। जबकि इस अवधि में कूनो में शावक भी समान संख्या में (12) हैं। यहां कुल 17 शावकों का जन्म हुआ था। लेकिन इनमें से 5 की मौत हो गई थी। पर्यावरण मंत्रालय के मुताबिक, चीता परियोजना पीएम मोदी का एक महत्वपूर्ण प्रयास था। जो संकटग्रस्त वन्य जीव प्रजातियों और उनसे जुड़े पारिस्थितिकी तंत्र को फिर से सफलतापूर्वक बसाने की उम्मीद को प्रदर्शित करता है।

# बांग्लादेश को 200 एकड़ जमीन लौटाने जा रहा भारत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ बीएसएफ-बीजीबी की बैठक में लिया गया फैसला

बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) और भारत के सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की बैठक में बड़ा फैसला लिया गया। इसमें यह तय हुआ कि 200 एकड़ भूमि बांग्लादेश को लौटाई जाएगी, जो नदी के कटाव के कारण भारत में चली गई थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, बीजीबी और बीएसएफ के सीनियर अधिकारियों के बीच हाल में मीटिंग हुई। इसमें विवादित भूमि का फिर से सर्वे करने और इसे सही मालिकों को लौटाने का संयुक्त निर्णय लिया गया। दौलतपुर उपजिला में रामकृष्णपुर संघ के चालिशपारा क्षेत्र में यह विवादित भूमि स्थित है, जो पद्मा नदी के मार्ग में बदलाव और प्राकृतिक आपदाओं के कारण विवाद में रही है। इसने 3 किलोमीटर के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सीमा स्तंभों को अव्यवस्थित कर दिया।

### बैठक के दौरान हुए कई फैसले

बैठक में सीमा पर हत्याओं को रोकने और मादक पदार्थों की तस्करी से निपटने जैसे व्यापक मुद्दों पर भी चर्चा की गई। बांग्लादेश के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व लेफ्टिनेंट कर्नल रहमान ने किया, जबकि रोशनबाग बटालियन के कमांडेंट विक्रम देव सिंह ने बीएसएफ का प्रतिनिधित्व किया। लेफ्टिनेंट कर्नल रहमान ने जोर दिया कि जब तक दोबारा सर्वे पूरा नहीं हो जाता, तब तक किसी को भी विवादित भूमि का इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। उन्होंने सीमा पर हाल ही में हुई हत्याओं के खिलाफ बांग्लादेश का कड़ा विरोध भी जताया।

**छ.ग.स्टेट पावर डिस्ट्रीब्युशन कंपनी लिमिटेड**

**बिजली बन्द की सूचना**

समस्त सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है, कि संभागीय कार्यालय धमतरी के अंतर्गत दिनांक 18.09.2024 को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र में आवश्यक रखरखाव एवं मरम्मत कार्य हेतु उक्त उपकेन्द्र से निकलने वाली 33 के.व्ही.ए. लाईन से उर्जीकृत 11 के.व्ही. पम्प फीडर बंद रहेगी। जिसमें 11 के.व्ही. आमदी पंप, खरतुली पंप, पोटियाडीह पंप, देमार पंप, परेवाडीह पंप, खपरी पंप, रावा पंप, तरसीवा पंप, बोड़रा पंप, शंकरदाह पंप, देवपुर पंप, भोथली पंप, कंडेल पंप, खरेंगा पंप 1, खरेंगा पंप 2, सारंगपुरी पंप, छूही पंप, भोयना पंप, एवं भरारी पंप फीडरों की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है, असुविधा के लिए खेद है।

कार्यपालन अभियंता (संचा/ संधा) संभाग
छ.स्टे. प्रा.डि.कं.लि. धमतरी

**कार्यालय नगर पंचायत चिखलाकसा, जिला-बालोद (छ.ग.)**

क्रं./1026/नि.आ.सू./लो.नि.वि./न.पं./2024 चिखलाकसा, दिनांक 17.09.2024

**// द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना //**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र "अ" में प्रचलित एस.ओ.आर. में कम/ अधिक या सामान दर पर नगर पंचायत चिखलाकसा में निम्नांकित कार्य हेतु पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट से तीन लिफाफा पद्धति में सील बंद निविदाए अधोहस्ताक्षकर्ता के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है-

| क्र. | कार्यों की संख्या | अनुमानित लागत (राशि रू. लाखों में) | निविदा प्रपत्र निकाय को प्राप्त होने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | निकाय क्षेत्रान्तर्गत 14 / 15 वें वित्त आयोग अंतर्गत कुल 12 निर्माण कार्यो | 96.60 | 03.10.2024 |

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत, निविदा विज्ञप्ति व अन्य जानकारी नगर पंचायत कार्यालय से एवं विभागीय वेबसाईट http://www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत चिखलाकसा

## राशिफल

**मेष** — परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। यात्रा से कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मिथुन** — आत्मविश्वास बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं।

**कर्क** — मन में निराशा एवं असन्तोष भी रहेगा। कारोबार में भाग-दौड़ अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**सिंह** — परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी।

**कन्या** — कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। आय में वृद्धि होगी।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। सेहत का ध्यान रखें। जीवनसाथी से मनमुटाव रहेगा।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती है। सचेत रहें। लाभ के अवसरों में बढ़ोतरी होगी।

**धनु** — परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर समुचित ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।

**मकर** — परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। परिश्रम अधिक रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंताओं से चिंतित रहेंगे।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु आलस्य की अधिकता भी हो सकती है। व्यर्थ के क्रोध से बचें। साक्षात्कारादि में सफलता मिलेगी।

**मीन** — संयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। किसी क्षेत्र में निवेश के अवसर प्राप्त होंगे।

## शब्द पहेली - 5636



**बाएँ से दाएँ**
1.होठ,अधर-2
3.बड़ी सवारी गाड़ी-2
5.डोर-2
7.हरे रंग का-2
9.शक,संदेह-3
11.विस्फोटक -2
13.बड़ी नाली-2
15.नमस्कार,नमस्ते-3
17.प्राण-2
19.लक्ष्मी,कमला-2
22.बल,दम-3
24.ठाठ-बाट-2
26.पिता-2
28.कसर-2
30.कुमारी,तरुणी-3
32.जी,चित-2
34.नाखून-2
36.पढ़ने वाला-3
38.उद्देश्य-2
41.मोटा आटा-2
43.नामित-3
45.नर का विलोम-2
47.उर्वरक-2
49.भीगा हुआ-2
51.गिरवी वस्तु-3
53.मनमौजी-2
55.सम्मान-2
57.ले जाने वाला-3
60.आनंद,मजा-2
62.दोस्त,सखा-2
64.निर्माण-3
| 1 | भूतल- 1 | भू.पू. सैनिक | 219.50 | 3317084 | 829271 |
| 2 | भूतल- 2 | अनारक्षित | 219.50 | 3317084 | 829271 |
| 3 | भूतल- 3 | अनारक्षित | 219.50 | 3317084 | 829271 |
| 4 | भूतल- 4 | अनुसूचित जाति | 219.50 | 3317084 | 829271 |
| 5 | भूतल- 5 | अनारक्षित | 219.50 | 3317084 | 829271 |
| 6 | भूतल- 6 | अनारक्षित | 240.70 | 3637458 | 909365 |
| 7 | भूतल- 7 | अनुसूचित जनजाति | 211.11 | 3190294 | 797574 |
| 8 | भूतल- 8 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 219.50 | 3317084 | 829271 |
| 9 | भूतल- 9 | विकलांग | 219.50 | 3317084 | 829271 |
| 10 | भूतल- 10 | अनारक्षित | 219.50 | 3317084 | 829271 |
| 11 | भूतल- 11 | अनुसूचित जाति | 219.50 | 3317084 | 829271 |
| 12 | भूतल- 12 | अनारक्षित | 219.50 | 3317084 | 829271 |
| 13 | भूतल- 13 | अनारक्षित | 219.50 | 3317084 | 829271 |
| 14 | भूतल- 14 | अनारक्षित | 219.50 | 3317084 | 829271 |
| 15 | भूतल- 15 | विधवा | 219.50 | 3317084 | 829271 |
| 16 | भूतल- 16 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 219.50 | 3317084 | 829271 |
| 17 | भूतल- 17 | महिला | 219.50 | 3317084 | 829271 |
| 18 | भूतल- 18 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 211.11 | 3190294 | 797574 |
| 19 | भूतल- 19 | अनुसूचित जाति | 219.50 | 3317084 | 829271 |
| 20 | भूतल- 20 | महिला | 219.50 | 3317084 | 829271 |
| 21 | भूतल- 21 | शिक्षित बेरोजगार | 219.50 | 3317084 | 829271 |
| 22 | प्रथम तल- 1 | विधवा | 219.50 | 2432718 | 829271 |
| 23 | प्रथम तल- 2 | अनारक्षित | 219.50 | 2432718 | 829271 |
| 24 | प्रथम तल- 3 | अनारक्षित | 219.50 | 2432718 | 829271 |
| 25 | प्रथम तल- 4 | अनारक्षित | 219.50 | 2432718 | 829271 |
| 26 | प्रथम तल- 5 | अनारक्षित | 219.50 | 2432718 | 829271 |
| 27 | प्रथम तल- 6 | अनुसूचित जाति | 240.70 | 2667678 | 666910 |
| 28 | प्रथम तल- 7 | अनुसूचित जाति | 211.11 | 2329732 | 582433 |
| 29 | प्रथम तल- 8 | अनारक्षित | 219.50 | 2432718 | 829271 |
| 30 | प्रथम तल- 9 | अनुसूचित जनजाति | 219.50 | 2432718 | 829271 |
| 31 | प्रथम तल- 10 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 219.50 | 2432718 | 829271 |
| 32 | प्रथम तल- 11 | शिक्षित बेरोजगार | 219.50 | 2432718 | 829271 |
| 33 | प्रथम तल- 12 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 219.50 | 2432718 | 829271 |
| 34 | प्रथम तल- 13 | अनारक्षित | 219.50 | 2432718 | 829271 |
| 35 | प्रथम तल- 14 | अनारक्षित | 219.50 | 2432718 | 829271 |
| 36 | प्रथम तल- 15 | भू.पू.सैनिक | 219.50 | 2432718 | 829271 |
| 37 | प्रथम तल- 16 | महिला | 219.50 | 2432718 | 829271 |
| 38 | प्रथम तल- 17 | अनारक्षित | 219.50 | 2432718 | 829271 |
| 39 | प्रथम तल- 18 | अनुसूचित जाति | 211.11 | 2329732 | 582433 |
| 40 | प्रथम तल- 19 | महिला | 219.50 | 2432718 | 829271 |
| 41 | प्रथम तल- 20 | विकलांग | 219.50 | 2432718 | 829271 |
| 42 | प्रथम तल- 21 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 219.50 | 2432718 | 829271 |
| 43 | द्वितीय तल- 1 | अनारक्षित | 219.50 | 2138149 | 829271 |
| 44 | द्वितीय तल- 2 | अनारक्षित | 219.50 | 2138149 | 829271 |
| 45 | द्वितीय तल- 3 | अनारक्षित | 219.50 | 2138149 | 829271 |
| 46 | द्वितीय तल- 4 | महिला | 219.50 | 2138149 | 829271 |
| 47 | द्वितीय तल- 5 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 219.50 | 2138149 | 829271 |
| 48 | द्वितीय तल- 6 | अनारक्षित | 240.70 | 2344659 | 586165 |
| 49 | द्वितीय तल- 7 | अनुसूचित जाति | 211.11 | 2056422 | 514106 |
| 50 | द्वितीय तल- 8 | अनारक्षित | 219.50 | 2138149 | 829271 |
| 51 | द्वितीय तल- 9 | अनुसूचित जाति | 219.50 | 2138149 | 829271 |
| 52 | द्वितीय तल- 10 | महिला | 219.50 | 2138149 | 829271 |
| 53 | द्वितीय तल- 11 | शिक्षित बेरोजगार | 219.50 | 2138149 | 829271 |
| 54 | द्वितीय तल- 12 | विधवा | 219.50 | 2138149 | 829271 |
| 55 | द्वितीय तल- 13 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 219.50 | 2138149 | 829271 |
| 56 | द्वितीय तल- 14 | अनारक्षित | 219.50 | 2138149 | 829271 |
| 57 | द्वितीय तल- 15 | अनुसूचित जाति | 219.50 | 2138149 | 829271 |
| 58 | द्वितीय तल- 16 | अनुसूचित जनजाति | 219.50 | 2138149 | 829271 |
| 59 | द्वितीय तल- 17 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 219.50 | 2138149 | 829271 |
| 60 | द्वितीय तल- 18 | स्वा.स. सेनानी | 211.11 | 2056422 | 514106 |
| 61 | द्वितीय तल- 19 | अनारक्षित | 219.50 | 2138149 | 829271 |
| 62 | द्वितीय तल- 20 | अनारक्षित | 219.50 | 2138149 | 829271 |
| 63 | द्वितीय तल- 21 | तृतीय लिंग | 219.50 | 2138149 | 829271 |
| 64 | तृतीय तल- 1 | अनारक्षित | 219.50 | 1843580 | 829271 |
| 65 | तृतीय तल- 2 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 219.50 | 1843580 | 829271 |
| 66 | तृतीय तल- 3 | अनारक्षित | 219.50 | 1843580 | 829271 |
| 67 | तृतीय तल- 4 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 219.50 | 1843580 | 829271 |
| 68 | तृतीय तल- 5 | अनारक्षित | 219.50 | 1843580 | 829271 |
| 69 | तृतीय तल- 6 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 240.70 | 2021639 | 5054010 |
| 70 | तृतीय तल- 7 | तृतीय लिंग | 211.11 | 1773113 | 443278 |
| 71 | तृतीय तल- 8 | शिक्षित बेरोजगार | 219.50 | 1843580 | 829271 |
| 72 | तृतीय तल- 9 | अनारक्षित | 219.50 | 1843580 | 829271 |
| 73 | तृतीय तल- 10 | अनुसूचित जाति | 219.50 | 1843580 | 829271 |
| 74 | तृतीय तल- 11 | अनारक्षित | 219.50 | 1843580 | 829271 |
| 75 | तृतीय तल- 12 | अनुसूचित जनजाति | 219.50 | 1843580 | 829271 |
| 76 | तृतीय तल- 13 | स्वा.स. सेनानी | 219.50 | 1843580 | 829271 |
| 77 | तृतीय तल- 14 | अनारक्षित | 219.50 | 1843580 | 829271 |
| 78 | तृतीय तल- 15 | अनुसूचित जाति | 219.50 | 1843580 | 829271 |
| 79 | तृतीय तल- 16 | अनारक्षित | 219.50 | 1843580 | 829271 |
| 80 | तृतीय तल- 17 | महिला | 219.50 | 1843580 | 829271 |
| 81 | तृतीय तल- 18 | महिला | 211.11 | 1773113 | 443278 |
| 82 | तृतीय तल- 19 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 219.50 | 1843580 | 829271 |
| 83 | तृतीय तल- 20 | अनारक्षित | 219.50 | 1843580 | 829271 |
| 84 | तृतीय तल- 21 | अनारक्षित | 219.50 | 1843580 | 829271 |

**विशेष :-** आवेदन फार्म नगर निगम से जारी नहीं किये जायेंगे, वेबसाईट में प्रकाशित प्रारूप में ही निविदाकर्ता आवेदन करेंगे ।
1. प्रत्येक दुकान के लिए अलग-अलग निविदा आवेदन पत्र धरोहर राशि के साथ जमा करना होगा । जिस नाम से निविदा आवेदन किया जावेगा उस नाम से ही निविदा स्वीकार की जावेगी ।
2. प्रत्येक दुकान हेतु प्रस्तुत निविदा लिफाफा के ऊपर प्रति आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर का पता अंकित करना होगा, एवं प्रेषक का भी नाम पता अंकित करना होगा। दुकान का स्थान, दुकान कमांक एवं आरक्षण का उल्लेख लिफाफा के ऊपर करना होगा । लिफाफा के ऊपर दुकान का स्थान, दुकान क्रमांक एवं आरक्षण का उल्लेख नहीं होने पर निविदा लिफाफा नहीं खोला जावेगा। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।
3. आरक्षित वर्ग को आरक्षण से संबंधित प्रमाणित दस्तावेज अनिवार्यतः निविदा के साथ प्रस्तुत करना होगा । अन्यथा निविदा स्वयमेव निरस्त मानी जायेगी ।
4. निविदा की समस्त शर्ते एवं नियम कार्यालयीन अवधि में राजस्व विभाग मुख्य कार्यालय, संबंधित जोन कार्यालय एवं नगर पालिक निगम रायपुर की वेब साईड WWW.nagarnigamraipur.nic.in से देखी जा सकती है।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरें को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

**अपर आयुक्त (राजस्व)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**

## खबर संक्षेप



### पुराने ए320 नियो विमानों को आधुनिक रूप देगी एआई

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने मंगलवार को उम्मीद जतायी कि 2025 के मध्य तक वह अपने पुराने 27 ए320 नियो विमानों का उन्नयन पूरा कर लेगी। इसके बाद एयरलाइन एक गलियारे वाले छोटे आकार के वाणिज्यिक विमानों में सीटों की तीन श्रेणियां- बिजनेस, प्रीमियम इकोनॉमी और इकोनॉमी होगी। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन सोमवार को शुरू हुए 40 करोड़ अमेरिकी डॉलर के मरम्मत कार्यक्रम के तहत 40 बोइंग विमानों सहित सभी 67 पुराने एक गलियारे वाले छोटे आकार और चौड़े आकार के विमानों का उन्नयन करेगी।

### देश का निर्यात अगस्त में घटकर 34.71 अरब डॉलर



**नई दिल्ली।** देश का वस्तु निर्यात अगस्त महीने में 9.3 प्रतिशत घटकर 34.71 अरब डॉलर रहा। एक साल पहले इसी महीने में यह 38.28 अरब डॉलर था। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार अगस्त महीने में आयात 3.3 प्रतिशत बढ़कर 64.36 अरब डॉलर रहा जो एक साल पहले इसी महीने में 62.3 अरब डॉलर था। आलोच्य महीने में व्यापार घाटा यानी आयात और निर्यात के बीच अंतर बढ़कर 29.65 अरब डॉलर हो गया। देश के वस्तु निर्यात में जुलाई महीने में 1.5 प्रतिशत की गिरावट आई थी।

### इंडो नेशनल ने किनेको की 51 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची

NIPPO

**नई दिल्ली।** निप्पो ब्रांड के तहत उपभोक्ता विद्युत उत्पाद तथा ड्राई सेल बैटरी बनाने वाली कंपनी इंडो नेशनल लिमिटेड ने कंपोजिट विनिर्माता किनेको लिमिटेड में अपनी पूरी 51 प्रतिशत हिस्सेदारी 220 करोड़ रुपये में बेचने की मंगलवार को घोषणा की। बयान के अनुसार, चेन्नई स्थित विनिर्माता ने नए युग के उद्यमों 'एयरोस्पेस' (वांतरिक्ष) और रक्षा उद्योगों के साथ-साथ 'फास्ट-मूविंग' उपभोक्ता वस्तु क्षेत्र की विविध श्रेणियों में धन लगाने की योजना बनाई है।

### विश्व बैंक बांग्लादेश को दे सकता है अतिरिक्त राशि

**ढाका।** विश्व बैंक ने मंगलवार को कहा कि वह चालू वित्त वर्ष में बांग्लादेश को दो अरब अमेरिकी डॉलर की अतिरिक्त राशि दे सकता है। यह राशि महत्वपूर्ण सुधारों, बाढ़ से निपटने, बेहतर वायु गुणवत्ता और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दी जाएगी। विश्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक अब्दुलाय सेक ने मंगलवार को ढाका में अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस से मुलाकात के दौरान नयी सहायता देने का वादा किया।




# सरकार सुकन्या अकाउंट को बंद कर सकती है, वित्त मंत्रालय ने बदल दिए नियम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत सरकार ने बेटियों के हित में सुकन्या समृद्धि योजना शुरू की थी। इस कमाल की स्कीम को बेटियों की भविष्य की जरूरतों को देखते हुए तैयार किया गया था। अब वित्त मंत्रालय ने इस स्कीम से जुड़े कई नियमों में बदलाव किया है। साथ ही डिपॉर्टमेंट ऑफ इकोनॉमिक अफेयर्स ने नई गाइडलाइन्स जारी करते हुए सभी पोस्ट ऑफिस से अपील की है कि वो नए निर्देशों के हिसाब से काम करें। वित्त मंत्रालय के अनुसार, सभी स्मॉल सेविंग अकाउंट पर नए नियम लागू होंगे। ऐसे में सुकन्या समृद्धि अकाउंट से जुड़े निवेशकों को भी इनके बारे में जान लेना चाहिए। नई गाइडलाइन्स के अनुसार, दादा-दादी या नाना-नानी द्वारा खोले गए सुकन्या अकाउंट को अब या तो माता-पिता या किसी कानूनी अभिभावक को ट्रांसफर करना होगा। अगर दो सुकन्या अकाउंट खोले गए हैं तो उन्हें बंद कर दिया जाएगा। ऐसे अकाउंट को नियम विरुद्ध माना जाएगा।

■ यदि दो सुकन्या अकाउंट खोले गए है तो एक बंद कर दिया जाएगा

## मंत्रालय ने पोस्ट ऑफिस से की अपील नए निर्देशों के हिसाब से करे काम

### पैन और आधार कार्ड जोड़ना होगा आवश्यक

वित्त मंत्रालय ने कहा है कि सभी सुकन्या समृद्धि अकाउंट में माता-पिता या अभिभावक का पैन और आधार कार्ड जुड़ा हुआ होना चाहिए। अगर ऐसा नहीं है तो तत्काल उनसे पैन और आधार नंबर मांगा जाए। सभी पोस्ट ऑफिस से कहा गया है कि वो तत्काल सभी अकाउंट होल्डर्स को नए नियमों की जानकारी दें। सर्कुलर के अनुसार, अनियमित अकाउंट को नियमित करनी की ताकत सिर्फ वित्त मंत्रालय के पास है। ऐसे में सभी अनियमित अकाउंट की जानकारी उनको दी जाए।




### सुकन्या अकाउंट पर दिया जा रहा 8.2 फीसदी ब्याज

सुकन्या समृद्धि योजना में आप 250 रुपए महीने से लेकर 1.5 लाख रुपए तक सालाना जमा करा सकते हैं। इस तिमाही में सुकन्या अकाउंट पर 8.2 फीसदी ब्याज दिया जा रहा है। यह अकाउंट बेटी के 21 वर्ष का होने पर मेच्योर होता है। इसके अलावा इस अकाउंट में बेटी के 18 वर्ष का होने पर 50 फीसदी रकम निकाली जा सकती है। यह अकाउंट खोलने आपको बेटी का जन्म प्रमाणपत्र देना आवश्यक होता है। साथ ही माता-पिता या अभिभावक का पैन और आधार कार्ड भी देना पड़ता है।

### उद्योग मंत्रालय ने जारी किए आंकड़े, अगस्त में थोक महंगाई घटकर 1.31 प्रतिशत रही

# महंगाई के मोर्चे पर हल्की राहत, 4 महीने के निचले स्तर पर आई थोक महंगाई दर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सब्जियों, खाद्य पदार्थों और ईंधन के सस्ते होने से थोक मुद्रास्फीति अगस्त में चार महीने के निचले स्तर 1.31 प्रतिशत पर आ गई। हालांकि, प्याज और आलू की कीमतों में तेजी रही। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति में लगातार दूसरे महीने गिरावट आई, जबकि मई में यह 3.43 प्रतिशत के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई थी। जुलाई में 2.04 प्रतिशत और अगस्त 2023 में इसमें 0.46 प्रतिशत की गिरावट आई थी।

### प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों की कीमतों में वृद्धि

उद्योग मंत्रालय ने बयान में कहा, "....अगस्त 2024 में खाद्य पदार्थों, प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों, अन्य विनिर्माण, कपड़ा विनिर्माण तथा मशीनरी और उपकरण आदि के विनिर्माण की कीमतों में वृद्धि हुई।" आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति अगस्त में 3.11 प्रतिशत रही, जबकि जुलाई में यह 3.45 प्रतिशत थी।सब्जियों की कीमतों में अगस्त में 10.01 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

**खास बातें**

- सब्जियां, खाद्य पदार्थ व ईंधन की कीमतें घटी
- आलू और प्याज की कीमतों में तेजी रही



### *खरीफ की बुवाई अभी तक अच्छी*

*रेटिंग एजेंसी इक्रा के वरिष्ठ अर्थशास्त्री राहुल अग्रवाल ने कहा कि हालांकि खरीफ की बुवाई अब तक अच्छी रही है, लेकिन चालू महीने में अतिरिक्त वर्षा से खरीफ की कटाई में देरी हो सकती है। इससे पैदावार भी प्रभावित हो सकती है, हालांकि अखिल भारतीय स्तर पर जलाशयों में पर्याप्त भंडारण होने से रबी फसलों की बुवाई में तेजी आने की संभावना है।*

### सब्जियों की कीमतों में क्रमिक गिरावट: बार्कलेज

आलू और प्याज की मुद्रास्फीति अगस्त में क्रमशः 77.96 प्रतिशत और 65.75 प्रतिशत के उच्च स्तर पर बनी रही। वित्तीय सेवा कंपनी बार्कलेज ने बयान में कहा, "अगस्त में थोक मूल्य सूचकांक में नरमी का कारण खाद्य (सब्जी) कीमतों में क्रमिक गिरावट है।

### *विनिर्माण की लागत में आई कमी*

*वहीं बार्कलेज ने कहा कि ऊर्जा और धातु की कीमतों में गिरावट के कारण विनिर्माण लागत में कमी आने से मुख्य उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति पर प्रभाव पड़ने का जोखिम कम हो गया है। अगस्त माह में विनिर्मित उत्पादों की मुद्रास्फीति 1.22 प्रतिशत रही।*

### *जिंस की कीमतों में अभी नरमी*

*ईंधन और बिजली श्रेणी में मुद्रास्फीति जुलाई में 1.72 प्रतिशत के मुकाबले अगस्त में 0.67 प्रतिशत रही। इक्रा ने कहा कि वैश्विक स्तर पर जिंस की कीमतें सितंबर 2024 में अभी तक नरम बनी हुई हैं।*

### *सिंतबर में महंगाई बढ़ने का अनुमान*

*इक्रा का अनुमान है कि थोक मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति के अगस्त के 1.3 प्रतिशत से बढ़कर सितंबर 2024 में दो प्रतिशत हो जाएगी। पिछले सप्ताह जारी आंकड़ों के अनुसार, खुदरा मुद्रास्फीति सब्जियों की बढ़ती कीमतों के कारण अगस्त में 3.65 प्रतिशत रही। यह जुलाई के 3.60 प्रतिशत से अधिक है।*

### *नजर खुदरा मुद्रास्फीति पर*

*भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) मौद्रिक नीति तैयार करते समय मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति को ध्यान में रखता है। आरबीआई ने अगस्त की मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दर को लगातार नौवीं बार 6.5 प्रतिशत पर यथावत रखा था।*

# सेंसेक्स पहली बार 83,000 के ऊपर बंद, एनएसई निफ्टी नए शिखर पर

एजेंसी ▶▶| मुंबई



अमेरिका में ब्याज दर घटने की उम्मीद के चलते बीएसई सेंसेक्स मंगलवार को करीब 91 अंक चढ़कर नये सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी पहली बार 25,400 के स्तर से ऊपर बंद हुआ। अमेरिकी के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों पर बहुप्रतीक्षित फैसले से पहले मजबूत वैश्विक रुझानों से बाजार को समर्थन मिला। रिकॉर्ड बनाने के सिलसिले को दूसरे दिन जारी रखते हुए 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 90.88 अंक चढ़कर 83,079.66 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 34.80 अंकचढ़कर 25,418.55 के नये शिखर पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ, जबकि जापान का निक्की गिरावट के साथ बंद हुआ। चीन का शंघाई कम्पोजिट और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी बंद रहे। यूरोपीय बाजार कारोबार के दौरान सकारात्मक दायरे में थे। अमेरिकी बाजार सोमवार को ज्यादातर बढ़त के साथ बंद हुए। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में कटौती करने की उम्मीद में भारतीय बाजार ने एक बार फिर हल्की बढ़त दर्ज की।

■ अमेरिका में ब्याज दर घटने की उम्मीद से निवेशक सतर्क

### *एयरटेल व रिलायंस में तेजी*

*सेंसेक्स की 30 कंपनियों में भारती एयरटेल, एनटीपीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन, लार्सन एंड टूब्रो, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और रिलायंस इंडस्ट्रीज में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। दूसरी ओर टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, अदाणी पोर्ट्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, आईटीसी और एशियन पेंट्स नुकसान में रहे।*

# एनपीएस वात्सल्य स्कीम में नाबालिगों का भी खुल सकेगा पेंशन अकाउंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए आम बजट पेश करते हुए एनपीएस वात्सल्य स्कीम को लाने का एलान किया था। और अब उस एलान को धरातल पर उतारते हुए 18 सितंबर 2024 को वित्त मंत्री इस योजना को लांच करने जा रही हैं। एनपीएस वात्सल्य स्कीम में सब्सक्राइब करने के लिए इसके ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को लांच किया जाएगा। इसके अलावा स्कीम से जुड़े डिटेल्स जारी की जाएंगी साथ में योजना में जुड़ने वाले नाबालिग सब्सक्राइबर्स को पर्मानेंट रिटायरमेंट अकाउंट नंबर भी वित्त मंत्री सौपेंगी।

■ वित्त मंत्री सीतारमण आज करेंगी योजना लांच

### *75 स्थानों पर एनपीएस वात्सल्य इवेंट्स*

*एनपीएस वात्सल्य स्कीम की लाचिंग का मुख्य कार्यक्रम नई दिल्ली में होगा, लेकिन पूरे देश में लगभग 75 स्थानों पर एनपीएस वात्सल्य इवेंट्स एक साथ आयोजित की जाएंगी।*

### क्या है एनपीएस वात्सल्य स्कीम

एनपीएस वात्सल्य स्कीम के तहत माता-पिता अपने बच्चों के भविष्य के लिए पेंशन खाते में निवेश करके बचत कर सकेंगे जिससे लंबी अवधि में उनके लिए बड़ा कॉरपस तैयार किया जा सके। एनपीएस वात्सल्य फ्लेक्सिबल कंट्रीब्यूशन और निवेश का विकल्प प्रदान करता है, जिससे माता-पिता बच्चे के नाम पर सालाना 1,000 रुपए का निवेश कर सकते हैं जिससे यह सभी आर्थिक पृष्ठभूमि वाले परिवारों के लिए सुलभ हो सके।

### बच्चों के वित्तीय भविष्य को बनाया जा सकेगा सुरक्षित

एनपीएस वात्सल्य स्कीम के नए पहल को ऐसे डिजाइन किया गया है जिससे बच्चों के वित्तीय भविष्य को सुरक्षित किया जा सके, जो भारत की पेंशन प्रणाली में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। एनपीएस वात्सल्य स्कीम पेंशन फंड विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) के तहत चलाई जाएगी। वित्त मंत्रालय ने कहा, एनपीएस वात्सल्य की शुरुआत भारत सरकार की सभी के लिए लॉन्ग-टर्म फाइनेंशियल प्लानिंग को बढ़ावा देने के साथ सिक्योरिटी फॉर ऑल की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह योजना भारत की भावी पीढ़ियों को अधिक वित्तीय रूप से सुरक्षित और स्वतंत्र बनाने की दिशा में उठाया गया एक बड़ा कदम है।

# त्योहारी मांग आने से सोने का आयात अगस्त में हुआ दोगुना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सीमा शुल्क में भारी कटौती और त्योहारी मांग आने से अगस्त में सोने का आयात दोगुने से अधिक होकर 10.06 अरब डॉलर के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। वाणिज्य मंत्रालय की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, एक साल पहले की समान अवधि में सोने का आयात 4.93 अरब डॉलर रहा था। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने स्वर्ण आयात के इस रिकॉर्ड स्तर पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि सोने पर सीमा शुल्क दरों में भारी कटौती की गई है ताकि सोने की तस्करी और अन्य गतिविधियों में कमी आ सके। बर्थवाल ने यहां कहा, /"यह वह समय है जब जौहरी त्योहारों के मौसम में बिक्री के लिए अपने माल का स्टॉक करना शुरू करते हैं।/" वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में सरकार ने शुल्क को 15 प्रतिशत से घटाकर छह प्रतिशत करने की घोषणा की थी। भारत का स्वर्ण आयात चालू वित्त वर्ष के पहले चार महीनों (अप्रैल-जुलाई) में 4.23 प्रतिशत घटकर 12.64 अरब डॉलर रह गया। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में देश का स्वर्ण आयात 30 प्रतिशत बढ़कर 45.54 अरब डॉलर हो गया था।

■ सीमा शुल्क दरों में कटौती से तस्करी हुई कम

### देश के कुल आयात में सोने का हिस्सा पांच फीसदी

देश के कुल आयात में इस कीमती धातु का हिस्सा पांच प्रतिशत से अधिक है। सोने के आयात में उछाल ने देश के व्यापार घाटे (आयात और निर्यात के बीच का अंतर) को अगस्त में बढ़ाकर 29.65 अरब डॉलर तक पहुंचा दिया। भारत चीन के बाद दुनिया में सोने का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है। यह आयात मुख्य रूप से आभूषण उद्योग की मांग को पूरा करता है।

*भारतीय उद्योग जगत की साख गुणवत्ता पर नहीं पड़ेगा असर*

# बांग्लादेश में संकट का भारतीय उद्योगों पर खास असर नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने मंगलवार को कहा कि बांग्लादेश के हालिया घटनाक्रम का भारत के कारोबार पर कोई खास असर नहीं हुआ है और भारतीय उद्योग जगत की साख गुणवत्ता पर निकट-अवधि में इसका प्रभाव पड़ने की उम्मीद नहीं है। क्रिसिल रेटिंग्स ने एक रिपोर्ट में कहा कि बांग्लादेश संकट का प्रभाव उद्योग एवं क्षेत्र-विशेष की बारीकियों और जोखिम के आधार पर अलग-अलग होगा। उसने कहा, हमें भारत के उद्योग जगत की क्रेडिट गुणवत्ता पर निकट-अवधि में इस घटनाक्रम का प्रभाव पड़ने की उम्मीद नहीं है। हालांकि लंबे समय तक व्यवधान रहने पर कुछ निर्यात-उन्मुख उद्योगों के राजस्व और कार्यशील पूंजी चक्रों पर असर देखने को मिल सकता है।

### *बांग्लादेश के साथ भारत का व्यापार अपेक्षाकृत कम*

*क्रिसिल के मुताबिक, बांग्लादेश के साथ भारत का व्यापार अपेक्षाकृत कम है। यह पिछले वित्त वर्ष में इसके कुल निर्यात का 2.5 प्रतिशत और कुल आयात का 0.3 प्रतिशत था। भारत से बांग्लादेश को होने वाले वस्तु निर्यात में मुख्य रूप से कपास और सूती धागा, पेट्रोलियम उत्पाद और बिजली शामिल हैं, जबकि आयात में मुख्य रूप से वनस्पति वसा तेल, समुद्री उत्पाद और परिधान शामिल हैं।*

## बिजनेस साइट

### पुणे में सम्मानित हुए छत्तीसगढ़ के इंजीनियर शुभ्रकांत ताम्रकार



**रायपुर।** पुणे में आयोजित 'इंजीनियर्स डे' के अवसर पर एक कार्यक्रम में भारत के विभिन्न राज्यों के 100 से अधिक इंजीनियरों और वैल्यूअर्स को आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर, सिविल इंजीनियरिंग और वैल्यूएशन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए केवल चार इंजीनियरों और वैल्यूअर्स को सम्मानित किया गया। इनमें से एक सम्मानित व्यक्ति छत्तीसगढ़ के इंजीनियर शुभ्रकांत ताम्रकार थे। यह कार्यक्रम इंडियन इंस्टीट्यूशन ऑफ़ वैल्यूअर्स द्वारा पुणे के होटल सेंट्रल पार्क में आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य भारत भर के इंजीनियर्स और वैल्यूअर्स के साथ इंजीनियर्स डे मनाना और उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को मान्यता देना था। इसके साथ ही, वैल्यूएशन विषय पर एक दिवसीय सेमिनार भी आयोजित किया गया। इस सम्मान के साथ शुभ्रकांत ताम्रकार ने छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया।

### पतंजलि आयुर्वेद हॉस्पिटल में माइन्ड्रे बीसी 760 रक्त जांच मशीन का लोकार्पण



**हरिद्वार।** पतंजलि आयुर्वेद हॉस्पिटल के पैथोलॉजी लैब में अत्याधुनिक रक्त जांच मशीन माइन्ड्रे बीसी 760 ऑटोमेटेड हेमेटोलॉजी एनालाइजर का लोकार्पण आचार्य बालकृष्ण महाराज, केन्द्रीय विश्वविद्यालय नई दिल्ली के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी और बैंगलोर से प्रो. शिवानी जी द्वारा किया गया।

लोकार्पण समारोह में आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि पतंजलि का मुख्य उद्देश्य रोगी हित को सर्वोपरि मानना है। उन्होंने बताया कि माइन्ड्रे बीसी 760 मशीन रक्त की संपूर्ण गणना और ईएसआर की सटीक जानकारी बहुत कम समय में प्रदान करेगी, जिससे एनिमिया, ल्यूकेमिया, थ्रोम्बोसाइटोपेनिया, थ्रोम्बोसाइटोसिस, पैरासाइटिक बीमारियाँ, और रक्त विषाक्ता जनित संक्रामक रोगों के इलाज में मदद मिलेगी।

### रणबीर कपूर बने सुरुचि मसाला के नए ब्रांड एंबेसडर



**नागपुर।** भारतीय मसाला उद्योग में प्रमुख नाम सुरुचि मसाला ने बॉलीवुड सुपरस्टार रणबीर कपूर को अपना नया ब्रांड एंबेसडर घोषित किया है। रणबीर कपूर की सिल्वर स्क्रीन पर करिश्माई छवि और बहुमुखी प्रतिभा ने उन्हें इस ब्रांड के लिए आदर्श चुनाव बना दिया है, जो भारतीय व्यंजनों के लिए प्रीमियम मसालों की पेशकश करता है। नागपुर में स्थित सुरुचि मसाला की स्थापना 1979 में सुभाष जैन द्वारा की गई थी। 45 वर्षों से अधिक की विरासत के साथ यह ब्रांड विभिन्न मसालों, पापड़, अचार, सॉस, केचप और इंस्टेंट मिक्स की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। कंपनी के प्रबंधक निदेशक रवि और सुभाष जैन के नेतृत्व में सुरुचि मसाला अपने उत्पादों की शुद्धता और स्वाद के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए समर्पित है और इसे गृहिणियों और पेशेवर शेफ दोनों के लिए विश्वसनीय विकल्प माना जाता है। सुरुचि मसाला की विनिर्माण सुविधा बीआरसी, यूएस एफडीए और एफएसएसएआई मानकों के अनुसार प्रमाणित है, जो उत्पादों में उच्च स्तर की स्वच्छता और गुणवत्ता सुनिश्चित करती है।

### छंटनी के विरोध में पिछले हफ्ते से कर्मचारी हड़ताल पर चले गए

# बोइंग का 33,000 कर्मचारियों को झटका, किया छंटनी का ऐलान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया की दिग्गज विमान निर्माता बोइंग भी अब छंटनी की राह पर चल पड़ी है। कंपनी ने हायरिंग बंद कर दी है। साथ ही कहा है कि वह कैश बचाने के लिए अस्थायी छंटनी भी करेगी। बोइंग ने अपने कर्मचारियों से कहा कि हमारा बिजनेस मुश्किल वक्त में है। बोइंग में पिछले हफ्ते हड़ताल शुरू हुई थी। करीब 33,000 कर्मचारी इस हड़ताल में शामिल हैं। कंपनी के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर ब्रायन वेस्ट ने कर्मचारियों को बताया है कि कंपनी पैसा बचाने के लिए 10 कदम उठाने जा रही है। इनमें छंटनी के अलावा सभी जगह हायरिंग बंद करना, मैनेजरों की सैलरी में इंक्रीमेंट खत्म करना और यात्राएं बेहद जरूरी होने पर ही किया जाना शामिल हैं। ब्रायन वेस्ट के अनुसार, छंटनी का असर कर्मचारियों के साथ अधिकारियों पर भी पड़ेगा।

■ कंपनी कैश बचाने के लिए अस्थायी छंटनी करने जा रही




### यूनियन मध्यस्थता का प्रयास कर रही

कंपनी और यूनियन के बीच सरकार ने मध्यस्थता की कोशिश की है। यह बैठक बुधवार को होने वाले है। यूनियन कर्मचारियों के बीच सर्वे करा रही है कि उन्हें अपने नए कॉन्ट्रैक्ट में क्या चाहिए। बोइंग के कर्मचारियों का धरना वाशिंगटन, ओरेगॉन और कैलिफोर्निया समेत कई जगहों पर चल रहा है।

### *चार साल में सैलरी 25 फीसदी बढ़ाने का दिया ऑफर*

*अगले कुछ हफ्तों में इसका पूरा विवरण दे दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस हड़ताल ने हमारी रिकवरी के प्रयासों को चोट पहुंचाई है। बोइंग के करीब 33,000 कर्मचारियों ने शुक्रवार से हड़ताल शुरू की थी। कंपनी की तरफ से कर्मचारियों को ऑफर दिया गया था कि उनकी सैलरी 4 साल में 25 फीसदी बढ़ा दी जाएगी। हालांकि, कर्मचारी यूनियन की डिमांड थी कि उनकी सैलरी हर साल 10 फीसदी बढाई जाए।*

### कंपनी लाभ कमा रही हमें नहीं दे रही: कर्मचारी

कर्मचारियों का कहना है कि पिछले हफ्ते दिया गया ऑफर बहुत खराब है। पिछली बार साल 2008 में स्ट्राइक की गई थी। उनका कहना है कि कंपनी लगातार लाभ कमा रही है लेकिन, उसका एक हिस्सा हमें नहीं देना चाहती। कर्मचारियों ने सालाना बोनस तय करने की डिमांड भी की है। मगर, बोइंग का कहना है कि 33,000 लोगों का बोनस तय करना आसान काम नहीं है। कर्मचारी एक बेहतर पेंशन और हेल्थकेयर प्लान की डिमांड भी कर रहे हैं।

# महिला टी-20 वर्ल्ड कप 3 से, 4 को न्यूजीलैंड से टकराएगी भारतीय टीम

## 10 टीमों के बीच होगी खिताबी टक्कर, दुबई और शारजाह में खेले जाएंगे मुकाबले

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विमंस टी20 वर्ल्ड कप 2024 का अपडेट शेड्यूल जारी हो गया है। टूर्नामेंट के 9वें सीजन का 3 अक्टूबर से आगाज होगा। वहीं भारतीय टीम 4 अक्टूबर से अपने अभियान की शुरुआत करेगी। पहले यह टूर्नामेंट बांग्लादेश में खेला जाना था। हालांकि, देश के हालातों को देखते हुए इसे संयुक्त अरब अमीरात में स्थानांतरित कर दिया गया था। यूएई में सभी मुकाबले दुबई और शारजाह में खेले जाएंगे। टूर्नामेंट में 10 टीमें खिताब के लिए टकराएंगी। इन टीमों को 5-5 के 2 ग्रुप में बांटा गया है। इस वैश्विक टूर्नामेंट में हरमनप्रीत कौर भारत की कमान संभालेंगी और स्मृति मंधाना उपकप्तान की भूमिका में दिखेंगी।

### टी-20 विश्व के लिए ऐसी है भारतीय टीम

भारतीय टीमः हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), पूजा वस्त्राकर, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, दयालन हेमलता, आशा शोभना, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल और संजना सजीवन। टीम के साथ उमा छेत्री, तनूजा कंवर और साइमा ठाकुर को ट्रेवलिंग रिजर्व के रूप में शामिल किया गया है। यास्तिका और श्रेयंका फिट होने की स्थिति में टीम में रहेंगे।




### दो ग्रुप में बांटा गया

ग्रुप ए : ऑस्ट्रेलिया, भारत, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, श्रीलंका।
ग्रुप बी: द. अफ्रीका, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश, स्कॉटलैंड।

दोनों ग्रुप की शीर्ष 2 टीमें सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी। 17 और 18 अक्टूबर को सेमीफाइनल खेले जाएंगे जबकि 20 अक्टूबर को फाइनल मुकाबला होगा।

### भारतीय टीम की इनसे होगी भिड़ंत

भारत 4 अक्टूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ दुबई में मुकाबला खेलेगी। इसके बाद 6 अक्टूबर को पाकिस्तान और 9 अक्टूबर को श्रीलंका के खिलाफ अपने मैच खेलेगी। यह दोनों मैच भी दुबई में ही खेले जाने हैं। भारत अपने आखिरी ग्रुप मैच में 13 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा। यह मुकाबला शारजाह में खेला जाएगा। भारत के यह सभी ग्रुप मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे से शुरू होंगे।

### टी-20 विश्व कप में भारत ने जीते हैं कुल 20 मैच

टी-20 विश्व कप के इतिहास में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने कुल 36 मैच खेले हैं, जिसमें से 20 में टीम जीती है और 16 में टीम को शिकस्त मिली है। भारतीय टीम का जीत प्रतिशत 55.55 रहा है। इस टूर्नामेंट में भारत से ज्यादा जीतें सिर्फ ऑस्ट्रेलिया (35), इंग्लैंड (28) और न्यूजीलैंड (24) ने हासिल की हैं। भारत के अलावा वेस्टइंडीज ने भी 20 जीत दर्ज की हुई हैं।

### भारत से इन खिलाड़ियों का रहा है अच्छा प्रदर्शन

टी-20 विश्व कप में मिताली राज ने 24 मैचों में 40.33 की से 726 रन बनाए हैं। मौजूदा कप्तान हरमनप्रीत ने 35 मैचों में 20.57 की औसत और 107.66 की स्ट्राइक रेट से 576 रन बनाए हैं। गेंदबाजी में पूनम यादव ने 18 मैचों में 13.82 की उम्दा औसत और 5.60 की इकॉनमी रेट से 28 विकेट लिए हैं। राधा यादव ने 12 मैचों में 16.94 की औसत और 6.40 की इकॉनमी रेट के साथ 17 विकेट चटकाए हैं।

## खबर संक्षेप



### रेयो वैलेकानो ने ओसासुना को 3-1 से हराया

**मैड्रिड।** रेयो वैलेकानो ने दूसरे हाफ में तीन शानदार गोल करके शुरू में पिछड़ने के बाद अच्छी वापसी की और ओसासुना को 3-1 से हराया जो उसकी स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा के वर्तमान सत्र में पहली जीत है। राउल गार्सिया डी हारो ने 26वें मिनट के बाद लंबी दूरी से गोल करके ओसासुना को बढ़त दिला दी लेकिन दूसरा हाफ पूरी तरह से रेयो के नाम रहा। रेयो की तरफ से अब्दुल मुमिन ने 49वें में बराबरी का गोल किया जबकि आंद्रेई रतिउ ने बॉक्स के ठीक बाहर से पेप चावरिया के पास पर खूबसूरत गोल करके स्कोर 2-1 कर दिया। रेयो की तरफ से तीसरा गोल उनाई लोपेज़ ने 25 गज की दूरी से किया। इस जीत से रेयो छठे स्थान पर पहुंच गया है जबकि ओसासुना उससे चार स्थान पीछे है।

### महिला हैंडबॉल लीग में हिस्सा लेगी कोलकाता थंडर स्ट्राइकर्स टीम

**नई दिल्ली।** महिला हैंडबॉल लीग के आयोजकों ने मंगलवार को घोषणा की कि कोलकाता थंडर स्ट्राइकर्स लीग में हिस्सा लेने वाली छह टीम में से एक टीम होगी। विज्ञप्ति में कहा गया कि युवा लड़कियों को प्रेरित करने, एक मजबूत जमीनी नेटवर्क बनाने और खेलों में महिलाओं के लिए अधिक अवसर पैदा करने के दृष्टिकोण के साथ, डब्ल्यूएचएल महिला खेलों की प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। लीग के अधिकार धारक पावना स्पोर्ट्स वेंचर की निदेशक प्रिया जैन ने टूर्नामेंट में कोलकाता की टीम का स्वागत किया। उन्होंने कहा, ''भारत के सबसे उत्साही खेल क्षेत्रों में से एक का प्रतिनिधित्व करते हुए केटीएस प्रतिभा को तलाशने और पश्चिम बंगाल के जीवंत और जोशीले खेल सांस्कृतिक परिदृश्य के साथ एक मजबूत संबंध बनाने के लिए तैयार है।



### मेजर लीग क्रिकेट में खेल सकते हैं एंडरसन

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन एक दशक के बाद टी20 क्रिकेट में वापसी कर सकते हैं, क्योंकि अमेरिका की मेजर लीग क्रिकेट की एक टीम ने 2025 के सत्र के लिए उनके साथ अनुबंध करने में दिलचस्पी दिखाई है। इस 42 वर्षीय खिलाड़ी ने जुलाई में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। एंडरसन ने 188 टेस्ट मैच में 704 विकेट लिए हैं। एमएलसी में खेलने पर उन्हें 135,000 पाउंड की मोटी धनराशि मिल सकती है। सन् 2019 में खेला था आखिरी मैच उन्होंने सीमित ओवरों की क्रिकेट में अपना आखिरी मैच 2019 में खेला था। जहां तक टी20 क्रिकेट की बात है तो इस प्रारूप में उनका अंतिम मैच लंकाशर के लिए 2014 में नेटवेस्ट ब्लास्ट फाइनल था।



## दो टेस्ट मैच की सीरीज कल से, कुलदीप यादव को पहले टेस्ट में मिल सकता है मौका

# बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में स्पिनरों की तिकड़ी के साथ उतर सकती है भारतीय टीम

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

भारत-बांग्लादेश के खिलाफ पहला टेस्ट गुरुवार 19 सितंबर को चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेला जाएगा। गौतम गंभीर की कोचिंग में पहली बार टीम टेस्ट मैच जीतने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। वहीं, गेंदबाजी कोच की कमान मोर्ने मार्कल संभालेंगे। भारत ने आखिरी बार श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज खेली थी, जिसमें उसे 2-1 से हार का सामना करना पड़ा था। भारतीय टीम टी20 सीरीज 2-0 से जीतने में सफल रही थी। वहीं, अब नई टीम और नई जोश के साथ टीम इंडिया चेन्नई के मैदान पर बांग्लादेशी टीम को हराने के मकसद से उतरेगी। बांग्लादेश ने हाल ही में पाकिस्तान को टेस्ट सीरीज में धूल चटाई है। घर में पाकिस्तान को टेस्ट मुकाबले हराने से बांग्लादेश के हौसले बुलंद हैं। वह भारत को भारत में हराने की पूरी कोशिश करेगी।ऐसी खबरें हैं कि भारतीय टीम एमए चिदंबरम स्टेडियम में होने वाले पहले टेस्ट में 3 प्रमुख स्पिनरों के साथ उतर सकती हैं। चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव पहले टेस्ट में खेलते हुए नजर आ सकते हैं। चेन्नई की पिच शुरुआत में तेज गेंदबाजों को मदद करती है, लेकिन जैसे-जैसे वक्त बीतता है यहां स्पिनरों को मदद मिलने लगती है। गेंद घूमती है, जिससे बल्लेबाजी करना काफी मुश्किल हो जाता है। मैच सुबह 9.30 बजे से शुरू होगा। टॉस का सिक्का 9 बजे उछाला जाएगा।



### अब तक टेस्ट में भारत को नहीं हरा सका है बांग्लादेश

अब तक बांग्लादेश की टीम टेस्ट प्रारूप में भारत को नहीं हरा सकी है। अब तक दोनों टीमें कुल 13 टेस्ट में आमने-सामने हुई है, जिसमें से 11 में भारतीय टीम को जीत मिली है और 2 टेस्ट ड्रॉ रहे हैं। आखिरी बार दोनों टीमें 2022 में आपस में भिड़ी थी, जिसमें भारत ने 3 विकेट से जीत दर्ज की थी। भारत ने अपने घर पर खेलते हुए 3 टेस्ट में बांग्लादेश को शिकस्त दी है।

### पहले टेस्ट के लिए टीम इंडिया का स्क्वॉड

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), आर अश्विन, आर जड़ेजा, अक्षर पटेल ,कुलदीप यादव, मो. सिराज, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह, यश दयाल।

### पहले टेस्ट के लिए बांग्लादेश का स्क्वॉड

नजमुल हुसैन शान्तो, महमुदुल हसन जॉय, जाकिर हसन, शादमान इस्लाम, मोमिनुल हक, मुश्फिकुर रहीम, शाकिब अल हसन, लिट्टन कुमेर दास, मेहदी हसन मिराज, तैजुल इस्लाम, नईम हसन, नाहिद राणा, हसन महमूद, तस्कीन अहमद, सैयद खालिद अहमद, जेकर अली अनिक।

### ऐसी होगी भारत की स्पिन तिकड़ी

टीम इंडिया अपने स्पिन आक्रमण में 3 फिरकी गेंदबाजों में रखना चाहेगी। स्क्वॉड में शामिल आर. अश्विन, रवींद्र जडेजा और कुलदीप यादव पहले टेस्ट की प्लेइंग 11 का हिस्सा हो सकते हैं। तीनों गेंदबाज अनुभवी हैं और पिच से थोड़ी भी मदद मिलने पर किसी भी बल्लेबाजी क्रम को तहस-नहस करने की क्षमता रखते हैं।

### अक्षर पटेल बेंच पर आ सकते हैं नजर

रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय टीम पहले टेस्ट में रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा और कुलदीप के साथ मैदान पर उतर सकती है। इस स्थिति में अक्षर पटेल को प्लेइंग इलेवन में मौका नहीं मिल पाएगा। बता दें कि अक्षर ने अपना पिछला टेस्ट इसी साल इंग्लैंड के खिलाफ फरवरी में खेला था। उस मैच में उन्होंने 27 रन और 45 रन बनाए थे। गेंदबाजी में उन्होंने कुल 2 विकेट चटकाए थे।

## बैडमिंटन

# प्रियांशु चाइना ओपन के पहले दौर में बाहर




एजेंसी ▶▶| चांगझू (चीन)

भारत के उदीयमान खिलाड़ी प्रियांशु राजावत को मंगलवार को यहां चाइना ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में ही कनाडा के ब्रायन यांग से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। पिछले साल ऑरलियन्स मास्टर जीतने वाले 22 वर्षीय राजावत इस सुपर 1000 टूर्नामेंट में 36 मिनट तक चले मैच में अपने कनाडाई प्रतिद्वंद्वी से 13-21, 16-21 से हार गए। दुनिया के 36वें नंबर के खिलाड़ी राजावत दो साल पहले ऐतिहासिक थॉमस कप खिताब जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य भी थे।

### पुरुषों में अब जॉर्ज की भिड़ंत जापान के केंटा से

*विश्व रैंकिंग में 40वें नंबर के खिलाड़ी किरण जॉर्ज अब पुरुष एकल स्पर्धा में एकमात्र भारतीय चुनौती बचे हैं। वह पहले दौर में जापान के केंटा निशिमोटो से भिड़ेंगे। पीवी सिंधू, लक्ष्य सेन तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी सहित पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ी साल के इस आखिरी बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट में नहीं खेल रहे हैं।*

### पिकलबॉल विश्व कप में भारत से दो टीमें भाग लेंगी

**नई दिल्ली।** भारतीय की दो टीमें पेरू के लीमा में 22 से 27 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले पिकलबॉल विश्व कप में चुनौती पेश करेंगी। भारतीय पिकलबॉल संघ ने कहा कि उसे वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए दो टीमें भेजने के लिए आमंत्रित किया गया था। आईपीए ने पिकलबॉल विश्व रैंकिंग के साथ साझेदारी में घोषणा भी घोषणा की। पिकलबॉल को टेनिस की तरह खेला जाता है लेकिन इस खेल में खिलाड़ी रैकेट की जगह पैडल का इस्तेमाल करते हैं। इसके कोर्ट का आकार बैडमिंटन कोर्ट से दोगुना होता है।

## हॉकी

# हरमनप्रीत, श्रीजेश एफआईएच हॉकी वार्षिक पुरस्कार की दौड़ में







एजेंसी ▶▶| लुसाने

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह को मंगलवार को एफआईएच द्वारा वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया जबकि दिग्गज पीआर श्रीजेश वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के सम्मान के दावेदार होंगे।

हरमनप्रीत और श्रीजेश दोनों ने पेरिस ओलंपिक में भारत के शानदार अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जहां टीम ने कांस्य पदक जीता था। कप्तान हरमनप्रीत ने 10 गोल के साथ टीम की शानदार अगुवाई की। वह इस ओलंपिक में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बने थे। हरमनप्रीत इस पुरस्कार के लिए थिएरी ब्रिंकमैन (नीदरलैंड), जोएप डी मोल (नीदरलैंड), हेंस मुलर (जर्मनी) और जैच वालेस (इंग्लैंड) के साथ दौड़ में शामिल हैं।

### ओलंपिक में शानदार गोलकीपिंग की श्रीजेश ने

*भारत के लिए अपने आखिरी टूर्नामेंट में खेलते हुए अनुभवी श्रीजेश ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार गोलकीपिंग की। दूसरे क्वार्टर से भारतीय टीम 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रही थी। भारत ने पेनल्टी शूटआउट में ग्रेट ब्रिटेन को 4-2 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया और बाद में स्पेन को 2-1 से हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया। श्रीजेश का मुकाबला पिरमिन ब्लैक (नीदरलैंड), लुइस कैलजाडो (स्पेन), जीन-पॉल डैनबर्ग (जर्मनी), टॉमस सैंटियागो (अर्जेंटीना) है।*

### हॉकी स्टार पुरस्कारों के लिए नामांकन

**महिलाः** गु बिंगफेंग (चीन), यिब्बी जेन्सन (नीदरलैंड), नाइके लोरेंज (जर्मनी), स्टेफनी वैंडेन बोर्रे (बेल्जियम), ज़न डे वार्ड (नीदरलैंड्स)। **पुरुषः** थिएरी ब्रिंकमैन (नीदरलैंड), जोएप डी मोल (नीदरलैंड), हेंस मुलर (जर्मनी), हरमनप्रीत सिंह (भारत), जैच वालेस (इंग्लैंड)।
**सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए नामांकनः महिलाः** क्रिस्टीना कोसेंटिनो (अर्जेंटीना), आइस्लिंग डी'हूघे (बेल्जियम), नथाली कुबाल्स्की (जर्मनी), ऐनी वीनेंडाल (नीदरलैंड), ये जिओ (चीन)। **पुरुषः** पिरमिन ब्लैक (नीदरलैंड), लुइस कैलजाडो (स्पेन), जीन-पॉल डैनबर्ग (जर्मनी), टॉमस सैंटियागो (अर्जेंटीना), पीआर श्रीजेश (भारत)। साल के उद्यीमान खिलाड़ीः महिलाः क्लेयर कोलविल (ऑस्ट्रेलिया), जो डियाज (अर्जेंटीना), टैन जिनजुआंग (चीन), एमिली व्हाइट (बेल्जियम), लिनिया वीडेमैन (जर्मनी)।

### पुरुषों में एरिगैसी की लगातार छठी जीत, भारतीय महिलाओं ने भी मारी बाजी

**बुडापेस्ट।** विश्व के नंबर चार भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी की यहां खेले जा रहे 45वें शतरंज ओलंपियाड में लगातार छठी जीत से भारत की पुरुष टीम ने छठे दौर में भी अपना विजय अभियान जारी रखा। एरिगैसी ने छठे दौर में हंगरी के सजुगिरोव सानन पर शानदार जीत हासिल की। डी गुकेश ने हंगरी के शीर्ष खिलाड़ी रिचर्ड रैपॉर्ट के खिलाफ काले मोहरों से आसान ड्रॉ खेला तो वहीं प्रज्ञानानंद ने भी पीटर लेको के साथ अंक बाटें। विदित गुजराती के बेंजामिन ग्लेडुरा को हराने के साथ ही भारत ने हंगरी पर 3-1 से जीत दर्ज करते हुए छह दौर के बाद पुरुष वर्ग में एकल बढ़त कायम कर ली। महिला वर्ग में दिव्या देशमुख ने एलेना डेनियलियन पर जीत के चलते भारत ने आर्मेनिया के खिलाफ शुरुआती बढ़त हासिल की। डी हरिका और आर वैशाली को अपने अपने मुकाबले में ड्रॉ से संतुष्ट होना पड़ा। तानिया सचदेव ने मजबूत स्थिति से सुरक्षित खेलते हुए अन्ना सरगास्यान के साथ चौथे बोर्ड पर मैच ड्रा किया और भारत ने मुकाबला 2.5-1.5 से जीत लिया।



# देश के बाहर पहले 'खेलो इंडिया' खेलों का दक्षिण अफ्रीका में सफलतापूर्वक आयोजन

एजेंसी ▶▶| जोहानिसबर्ग

'खेलो इंडिया' खेलों का देश के बाहर पहली बार दक्षिण अफ्रीका में सफल आयोजन हुआ, जिसमें दक्षिण अफ्रीका के स्थानीय निवासी और भारतीय प्रवासियों ने वॉलीबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस और शतरंज जैसे खेलों में भाग लिया। दक्षिण अफ्रीका में बसे प्रवासी भारतीयों के संगठन 'इंडिया क्लब' के अध्यक्ष मनीष गुप्ता ने बताया कि कबड्डी, खो खो, कैरम, और सातोलिया (लागोरी) जैसे चार पारंपरिक भारतीय खेल इस आयोजन के दूसरे चरण का हिस्सा बनेंगे। 'इंडिया क्लब' ने जोहानिसबर्ग में भारत के महावाणिज्य दूतावास के साथ कार्यक्रमों




### खेल लोगों को करता है एकजुट : कुमार

महावाणिज्यदूत महेश कुमार ने कहा कि 'खेलो इंडिया' कार्यक्रम को भारत सरकार ने 2017 में शुरू किया था। यह भारत में खेलों के विकास के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा, ''हम इसे राष्ट्रीय सीमा से परे ले जाना चाहते हैं क्योंकि खेल लोगों को उस तरह से एकजुट करता है जैसा कोई और नहीं कर सकता।'' उन्होंने कहा, ''दक्षिण अफ्रीका में विदेश में पहले खेलो इंडिया का आयोजन उस विशेष रिश्ते को उजागर करता है जिसे इन दोनों देशों ने हमेशा साझा किया है।

## धनंजय डी सिल्वा की कप्तानी में खेलेगी श्रीलंकाई टीम

# श्रीलंका-न्यूजीलैंड के बीच टेस्ट सीरीज का आगाज आज से

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ 18 सितंबर से शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए श्रीलंका क्रिकेट टीम का ऐलान किया गया है। धनंजय डी सिल्वा की कप्तानी में ओशादा फर्नांडो की लम्बे समय के बाद वापसी हुई है। उन्होंने मार्च 2023 में अपना पिछला टेस्ट मैच खेला था।

वहीं दिमुथ करुणारत्ने, एंजेलो मैथ्यूज और दिनेश चांदीमल जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को बरकरार रखा गया है।पहले टेस्ट के बाद सीरीज का दूसरा और आखिरी मैच 26 सितंबर से खेला जाएगा। यह दोनों मैच गॉल अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले जाएंगे।

### निशान, निसाला, कसुन को किया गया बाहर

इंग्लैंड दौरे पर हिस्सा लेने वाले निशान मदुष्का को टीम से बाहर किया गया है। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के शुरुआती 2 टेस्ट में निराशाजनक प्रदर्शन किया था। उनके स्कोर क्रमशः 4, 0, 7 और 13 रन रहे थे। इंग्लैंड का दौरा करने वाले खिलाड़ियों में से ऑलराउंडर निसाला थारका और तेज गेंदबाज कसुन राजिथा को भी टीम से बाहर रखा गया है। इन दोनों खिलाड़ियों को इंग्लैंड दौरे पर प्लेइंग इलेवन में मौका नहीं मिला था।




### वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप सूची में सुधार करना चाहेंगी दोनों टीमें

न्यूजीलैंड ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 में 6 में से 3 टेस्ट जीते हैं और 3 हारे हैं। कीवी टीम 50 प्रतिशत अंक के साथ फिलहाल तीसरे स्थान पर है। श्रीलंका ने मौजूदा चक्र में 7 में से 3 टेस्ट जीते हैं और 4 में शिकस्त झेली है। श्रीलंकाई टीम 42.86 प्रतिशत अंक के साथ फिलहाल पांचवें पायदान पर बरकरार हैं। इस तालिका में भारतीय टीम शीर्ष पर मौजूद है।

### ऐसी है श्रीलंकाई टेस्ट टीम

धनंजय डी सिल्वा (कप्तान), दिमुथ करुणारत्ने, पथुम निसांका, कुसल मेंडिस, एंजेलो मैथ्यूज, दिनेश चांदीमल, कामिंदु मेंडिस, सदीरा समरविक्रमा, ओशादा फर्नांडो, असिथा फर्नांडो, विश्वा फर्नांडो, लाहिरू कुमारा, प्रभात जयसूर्या, रमेश मेंडिस, जेफरी वेंडरसे और मिलन रथनायके।







## 2028 तक महासागरों की गहराई में मिलेंगे एलियंस



**पेरिस।** ब्राजील के 37 साल के भविष्यवक्ता ता एथोस सैलोमे कई भविष्यवाणियां की हैं, जो सच साबित हो चुकी हैं। एथोस सैलोमे कोरोना वायरस, रूस-यूक्रेन युद्ध और क्वीन एलिजाबेथ की मौत की भविष्यवाणी कर चुके हैं, जो सच साबित हुई हैं। इसकी वजह से इनकी तुलना 16वीं शताब्दी के प्रसिद्ध भविष्यवक्ता नास्त्रेदमस से की जाती है। अब उन्होंने अपने नए दावे से दुनियाभर के वैज्ञानिकों को भी हैरान कर दिया है। उन्होंने बताया है कि एलियन की खोज कब तक हो सकती है। इसके साथ ही उन्होंने तीसरे विश्व युद्ध की भी भविष्यवाणी की है। उन्होंने दावा किया है कि 2028 तक एलियन जीवन की खोज हो जाएगी।

## भारत आकर अमेरिकी महिला ने सीखीं ऐसी आदतें, जो कभी नहीं चाहती बदलना

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर आपको ऐसे तमाम विदेशी टूरिस्ट्स के लाइव ब्लॉग मिलते होंगे, जो भरत में रहकर यहां के रहन-सहन के बारे में बताते हैं। इसमें कुछ पॉजिटिव तो कुछ निगेटिव बातें भी दिख जाती हैं। इस वक्त एक ऐसी ही अमेरिकन ब्लॉगर का वीडियो वायरल हो रहा है, जो भारत में ही रहने लगी है और उसने अपने बारे में कुछ दिलचस्प चीज़ें बताई हैं।

### ये 10 चीजें भारत आकर सीखीं!

क्रिस्टीन फिशेर ने अपने वीडियो का टाइटल दिया है – '10 तरीके, जिन्होंने भारत आने के बाद मेरी जिंदगी बदल दी।' उसने काफी डीटेल में बताया है कि भारत आकर उन्होंने शाकाहारी होना सीखा, ये काफी स्वास्थ्यवर्धक है। उन्होंने बताया कि भारत आकर वो यहां के हल्के और कॉटन के कपड़े पहनती हैं, जो बेहतरीन हैं। आने-जाने के लिए दिल्ली में रहते हुए पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करती हैं। भारत में रहकर उन्होंने रोज़ाना चाय पीना सीखा है। वे यहां बच्चों को प्राइवेट स्कूल में पढ़ाती हैं, जबकि अमेरिका में ये बहुत महंगे होते थे। उन्होंने अपने हाथ से खाना खाना सीखा है, जो बहुत अच्छा है। उन्होंने यहां रोज़ाना हिंदी बोलना सीखा। ज्यादातर काम बिना मशीनों की मदद के करना सीखा। खाना रोज़ ताज़ा बनाकर खाना सीखा, जबकि अमेरिका में फ्रोजेन और रेडीमेड फूड ज्यादा मिलता था।
















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com